राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in




# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 15
अंक : 01
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
गुरुवार 01 जनवरी 2026
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट
पेज 3 नोएडा 2026 : शहर वासियों को मिलेगा पब्लिक ट्रांसपोर्ट, उड़ेगी पहली कामर्शियल फ्लाइट
पेज 4 जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की
पेज 6 श्रेयस अय्यर की फिलहाल वापसी की उमीद नहीं,

# भारत सहित दुनियाभर में 2026 का आगाज

### जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी के बीच जश्न; चीन-जापान और सिंगापुर में आतिशबाजी, ऑस्ट्रेलिया में नदी किनारे लाखों लोग जुटे









एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत सहित दुनियाभर में साल 2026 का आगाज हो चुका है। दिल्ली में देर रात सैकड़ों की संख्या में लोग इंडिया गेट पर इकट्ठा हुए और काउंटडाउन के साथ 12 बजते ही नए साल का जश्न मनाया। जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी के बीच लोगों ने 2026 का स्वागत किया।

न्यूजीलैंड 2026 में सबसे पहले एंट्री करने वाले चुनिंदा देशों में शामिल रहा। यहां ऑकलैंड स्थित 240 मीटर ऊंचे स्काई टावर में 12 बजते ही करीब 3,500 पटाखे छोड़े गए।

स्काई टावर न्यूजीलैंड की सबसे ऊंची बिल्डिंग है। दुनिया के सबसे पूर्वी हिस्से में स्थित होने के कारण, न्यूजीलैंड में सबसे पहले नया साल शुरू होता है।

जापान, चीन और सिंगापुर में आतिशबाजी के साथ न्यू ईयर सेलिब्रेट किया गया। साउथ कोरिया में एक बड़ी घंटी बजाकर नए साल के आगाज का ऐलान किया गया। ऑस्ट्रेलिया के सिडनी हार्बर में पारंपरिक आतिशबाजी देखने के लिए हजारों लोग पहुंचे।

वहीं, मेलबर्न के आसमान में 7 मिनट तक हुई आतिशबाजी ने शहर को रोशनी से भर दिया। दुनियाभर में अलग-अलग टाइम जोन के कारण 29 देश ऐसे हैं जो भारत से पहले नए साल का स्वागत करते हैं। इनमें किरिबाती, समोआ और टोंगा, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, पापुआ न्यू गिनी, म्यांमार, जापान इंडोनेशिया, बांग्लादेश, नेपाल आदि देश हैं।

नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं

विशाल इंडिया परिवार की ओर से सभी देशवासियों को को नववर्ष 2026 की हार्दिक शुभकामनाएँ!
यह नया साल आपके जीवन में सुख, समृद्धि, सफलता और उत्तम स्वास्थ्य लेकर आए, यही कामना है।

## संक्षिप्त खबरें

### सिगरेट पर 1 फरवरी से एक्साइज ड्यूटी, पान मसाला पर हेल्थ टैक्स लगेगा

केंद्र सरकार ने 1 फरवरी से सिगरेट पर एडिशनल एक्साइज ड्यूटी और पान मसाला पर नया हेल्थ और नेशनल सिक्योरिटी सेस (टैक्स) लगाने का ऐलान किया है। ये नए टैक्स जीएसटी दर के अतिरिक्त होंगे और मौजूदा जीएसटी मुआवजा सेस की जगह लेंगे, जो अभी इन 'सिन गुड्स' पर लगाया जा रहा है। सरकारी अधिसूचना के मुताबिक, 1 फरवरी से पान मसाला, सिगरेट, तंबाकू और इससे जुड़े उत्पादों पर 40 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। वहीं बीड़ी पर 18 प्रतिशत जीएसटी लागू होगा। इसके अलावा पान मसाला पर हेल्थ और नेशनल सिक्योरिटी सेस लगाया जाएगा, जबकि तंबाकू और उससे जुड़े उत्पादों पर अतिरिक्त एक्साइज ड्यूटी वसूला जाएगा।

# इंदौर : दूषित पानी पीने से अब तक 12 की मौत

- मंत्री विजयवर्गीय बोले- फोकट सवाल मत करो
- इंदौर में दूषित पानी से मौतों के मामले में मीडियाकर्मी पर झल्लाए, अपशब्द कहे; फिर खेद जताया



**इंदौर।** देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से अब तक 12 लोगों की मौत की जानकारी मिली है। इनमें से 11 के नामों की पुष्टि उनके परिजन कर चुके हैं। 162 लोग अस्पतालों में भर्ती हैं। बुधवार शाम डॉ. मोहन यादव इंदौर पहुंचे। अलग-अलग अस्पताल जाकर बीमार लोगों से मुलाकात की। इसके बाद अधिकारियों की बैठक ली।

सीएम ने बैठक में कहा- ऐसी कष्टदायक स्थिति फिर कभी निर्मित न हो, आप सब इसके व्यापक प्रबंध करने में जुटें। मामले में जिम्मेदार बड़े अधिकारियों पर कार्रवाई को लेकर उन्होंने कहा- रिपोर्ट मिलने के बाद दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में हिस्सा लेकर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय बाहर आए तो मीडिया ने सवाल किए। एक रिपोर्टर ने कहा कि अस्पताल में भर्ती मरीजों के परिजन को इलाज में खर्च पैसों का रिफंड अभी तक नहीं मिला है। इस पर मंत्री विजयवर्गीय ने कहा- अरे छोड़ो यार, तुम फोकट सवाल मत पूछो।

इस पर रिपोर्टर ने कहा- यह फोकट सवाल नहीं है। हम वहां होकर आए हैं। इसके जवाब में मंत्री विजयवर्गीय ने झल्लाते हुए अपशब्द कह दिए। हालांकि, कुछ ही देर बाद उन्होंने एक्स पर ट्वीट कर अपने शब्दों पर खेद जताया।

### हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से मांगी स्टेटस रिपोर्ट

भागीरथपुरा में दूषित पानी से मौतों के मामले में हाई कोर्ट की इंदौर बेंच में दो जनहित याचिकाएं लगाई गई हैं। इनमें से एक इंदौर हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रितेश इंसानी जबकि दूसरी भागीरथपुरा निवासी राहुल गायकवाड ने लगाई है। हाईकोर्ट ने दोनों याचिकाओं पर बुधवार को संयुक्त सुनवाई की। इसमें दोनों याचिकाकर्ताओं की ओर से सीनियर एडवोकेट अभिनव धनोत्कर और ऋषि कुमार चौकसे ने पक्ष रखा। उन्होंने कोर्ट के सामने कहा कि क्षेत्र में हालात काफी बिगड़ रहे हैं। कई मरीज अस्पताल में एडमिट हैं और मौत का आंकड़ा बढ़ता ही जा रहा है। वहीं, शासन की ओर से पेश एडवोकेट ने कहा- इंदौर के 10 अस्पतालों में भागीरथपुरा के सभी मरीजों का फ्री इलाज किया जा रहा है। इस पर कोर्ट ने कहा- यह तो करना ही पड़ेगा। इस पूरे मामले की रिपोर्ट 2 जनवरी को डिटेल में पेश करें कि कितने मरीज का इलाज किया गया और कितनी मौत हुई हैं?

# 100 एमजी से ज्यादा वाली निमेसुलाइड दवा बनाने-बेचने पर बैन

बुखार-दर्द में तेजी से राहत देती है, लेकिन ज्यादा डोज से लिवर को खतरा




**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने दर्द और बुखार में इस्तेमाल होने वाली निमेसुलाइड (Nimesulide) दवा के 100 मिलीग्राम से अधिक डोज की सभी ओरल (खाने वाली) दवाओं की मैन्यूफैक्चरिंग और बिक्री पर तत्काल रोक लगा दी है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक निमेसुलाइड एक नॉन-स्टेरॉइडल एंटी-इंफ्लेमेटरी दवा है। जो दर्द तो कम करती है, लेकिन इसकी ज्यादा डोज से लिवर खराब होने का खतरा रहता है। यह प्रतिबंध केवल अधिक डोज (100 मिलीग्राम) वाली निमेसुलाइड पर लागू होगा। जबकि कम डोज की दवाएं मिलती रहेंगी। निमेसुलाइड ब्रांड बेचने वाली दवा कंपनियों को अब ज्यादा डोज वाली दवाओं का प्रोडक्शन बंद करना होगा। जो दवाइयां पहले से बाजार में मौजूद हैं उन्हें वापस मंगाना होगा।

# फरीदाबाद- चलती वैन में महिला से गैंगरेप, 2 हिरासत में

- लिफ्ट देने के बहाने बैठाया, 3 घंटे घुमाया, फिर सड़क पर फेंककर भाग गए

**फरीदाबाद।** हरियाणा के फरीदाबाद में एक 28 वर्षीय महिला के साथ चलती वैन में गैंगरेप का मामला सामने आया है। दो युवक महिला को करीब 3 घंटे तक शहर की सड़कों पर लेकर घुमाते रहे। इसके बाद उसे गाड़ी से सड़क पर फेंक दिया और भाग गए। महिला के चेहरे और सिर पर चोटें आई हैं। महिला को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इलाज के दौरान उसके चेहरे पर 12 टांके आए हैं।

थाना कोतवाली पुलिस ने बहन की शिकायत पर केस दर्ज कर दो आरोपियों को हिरासत में लिया है। पीड़ित शादीशुदा है, उसके तीन बच्चे भी हैं। विवाद के चलते वह अपने पति से अलग रहती है। पीड़ित की बहन का कहना है कि युवकों ने लिफ्ट देने के बहाने महिला को गाड़ी में बैठाया था। फिर उसके साथ गाड़ी में रेप किया।

# सराफा कारोबारी के घर फायरिंग, दंपती समेत तीन की मौत

घर में चली गोलियां, पिस्टल-चाकू जब्त, पुलिस बोली- लेन-देन के विवाद में वारदात




**मंदसौर।** शहर के गोल चौराहा क्षेत्र में मंगलवार रात व्यापारिक लेन-देन को लेकर हुई फायरिंग की घटना में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान सराफा व्यापारी दिलीप जैन, उनकी पत्नी रेखा जैन और विकास सोनी के रूप में हुई है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया।

सूचना मिलते ही एसपी विनोद कुमार मीणा, एडिशनल एसपी टीएस बघेल सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे।

हालात को देखते हुए क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। पुलिस ने घटनास्थल की घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी है।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार दिलीप जैन छिंगावत व्यापारियों का सोना लेकर जेवर बनाने का काम करते थे। मंदसौर और आसपास के कई व्यापारियों का कई किलो सोना उनके पास होने की जानकारी सामने आई है। पुलिस व्यापारिक लेन-देन और आपसी रंजिश सहित सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है।

### घर के भीतर चली गोली, पिस्टल और चाकू जब्त

पुलिस के मुताबिक तीसरा मृतक विकास सोनी दिलीप जैन के घर पहुंचा था। उस समय घर में दिलीप जैन और उनकी पत्नी रेखा जैन मौजूद थे। रात करीब साढ़े आठ बजे घर के अंदर से गोली चलने की आवाज आई, जिसके बाद पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। मौके से एक पिस्टल और एक चाकू जब्त किए गए हैं। तीनों शवों को जिला अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर भी कब्जे में ले ली है।



## हैप्पी मॉर्निंग


दो लड़कियां आपस में लड़ रही थीं
उनको आपस में लड़ता देख एक
शराबी वहीं रुक गया
पहली लड़की- भगवान करे तेरी
शादी किसी शराबी से हो जाए
दूसरी लड़की- नहीं भगवान करे
तेरी हो जाए इतने में शराबी
बोला- मैं रुकूं या
जाऊं?



## शायरी

नया सवेरा एक नई किरण के साथ,
नया दिन एक प्यारी सी मुस्कान के साथ,
आपको नया साल 2026 मुबारक हो,
ढेर सारी दुआओं के साथ!

## अर्थसार



सेंसेक्स:
85,220.60
+545.52 (0.64%)
निफ्टी:
26,129.60
+190.75

## मौसम



अधिकतम : 17 डिग्री से0
न्यूनतम : 09 डिग्री से0
सूयोदय शुक्रवार : 7 : 27
सूर्यास्त गुरुवार : 5 : 48

# राज्यों की 80 प्रतिशत तक कमाई वेतन-पेंशन, फ्री स्कीम में खर्च

विकास के लिए पैसा नहीं; राजस्थान को कर्ज चुकाने के लिए कर्ज की जरूरत

मुंबई। एक दशक से मुफ्त की योजनाएं (फ्री स्कीम) और सब्सिडी राज्यों की सत्ता पाने का 'शर्तिया नुस्खा' है। लेकिन राज्यों की बिगड़ती वित्तीय सेहत इस नुस्खे का बड़ा साइड इफेक्ट बनकर सामने आ रही है। राज्यों के पास बिजली, सड़क और आवास के लिए पैसा ही नहीं है।

उनकी कमाई और खर्च का लेखाजोखा बताता है कि सब्सिडी, वेतन, पेंशन और ब्याज की अदायगी जैसे अहम खर्चों के बाद राज्यों के हाथ अपनी कमाई का 20-25 प्रतिशत हिस्सा ही बच पा रहा है। पंजाब जैसे राज्य के हाथ तो खर्च के लिए 7 प्रतिशत राशि ही बची।

हालांकि, इस साल पंजाब को 90 हजार करोड़ का मूलधन भी चुकाना है।

इसलिए इस बची राशि के साथ मूलधन चुकाने के लिए पंजाब को भारी भरकम कर्ज की जरूरत होगी। पंजाब अक्टूबर 2025 में 20 हजार करोड़ का कर्ज बाजार से ले चुका है।

राजस्थान को इस बार 1.50 लाख करोड़ कर्ज का मूलधन चुकाना है।

### बंगाल पर ब्याज का बोझ शिक्षा बजट से ज्यादा, एमपी पर बढ़ रहा कर्ज

**बंगाल :** कमाई का 21.2 प्रतिशत हिस्सा तो ब्याज चुकाने में जाता है। यह शिक्षा-सेहत (18.7 प्रतिशत) के साझा बजट से ज्यादा।
**राजस्थान :** कर्ज और ब्याज के बढ़ते बोझ के कारण स्वास्थ्य बजट पर खर्च स्थिर है।
**मध्य प्रदेश :** लाड़ली बहना जैसी योजनाओं के चलते कर्ज के ब्याज का बोझ बढ़ता जा रहा है।
**कर्नाटक :** गारंटी योजनाएं ब्याज अदायगी का बोझ पिछले साल के मुकाबले बढ़ा रही हैं।
**महाराष्ट्र :** जून में 903 विकास प्रोजेक्ट की मंजूरी रद्द। अधिकांश सिंचाई, बांध से जुड़ी थीं।

# ओला-उबर से 30 प्रतिशत तक सस्ती भारत टैक्सी

किराए में 100 से ज्यादा का अंतर; दिल्ली में इस महीने, मुंबई-पुणे में छह महीने बाद शुरू

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की सहकारी सर्विस 'भारत टैक्सी' जनवरी 2026 से दिल्ली और गुजरात में शुरू हो सकती है। यह छह महीने बाद मुंबई, पुणे में शुरू होगी। सहकारी टैक्सी का ट्रायल डेढ़ महीने पहले दिल्ली और गुजरात के राजकोट में शुरू हुआ था, जो सफल रहा है।

अपने पायलट प्रोजेक्ट में यह ओला-उबर पर भारी पड़ रही है। सहकारी टैक्सी पीक ऑवर में अपनी प्राइवेट प्रतिद्वंद्वियों से 25 से 30 प्रतिशत तक सस्ती पड़ रही है। भास्कर ने दिल्ली में 100 से ज्यादा ड्राइवरों, राइडर्स, यूनियन पदाधिकारियों और भारत टैक्सी एप से जुड़े अधिकारियों से बात की। इसी दौरान ओला, उबर, रैपिडो और भारत टैक्सी के रेट की जांच की। पीक ऑवर यानी सुबह 9, शाम 7 और रात 10 बजे रियल टाइम में भारत टैक्सी और ओला-उबर के रेट में 100 से ज्यादा का अंतर मिला। जबकि नॉर्मल ऑवर यानी सुबह 8 बजे, दोपहर 2 बजे यह अंतर घटकर महज 5-20 रह जाता है।

बता दें कि भारत टैक्सी भी ओला-उबर की तरह एप से ही बुक होती है। इसे भारतीय सहकारिता कंपनी सहकारी टैक्सी कॉपरेटिव लि. संचालित करेगी। इसके चेयरमैन अमूल के मालिक जयंत मेहता हैं।

# मणिपुर-मिजोरम के 5,800 ब्नेई मेनाशे लोगों की इजराइल वापसी

इस साल 1200 जाएंगे; 2700 साल पहले असिरियन साम्राज्य में निर्वासित होकर भारत आए थे

एजेंसी

**चुराचंदपुर।** मणिपुर और मिजोरम में बसे ब्नेई मेनाशे समुदाय (यहूदी) के करीब 5,800 लोगों की इजराइल वापसी की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है।

इजराइली कैबिनेट की ओर से ढाई सौ करोड़ रुपए की योजना को मंजूरी दिए जाने के बाद चरणबद्ध तरीके से समुदाय को इजराइल ले जाया जाएगा।

2026 तक समुदाय के 1,200 लोग इजराइल भेजे जाएंगे। जबकि, 2030 तक पूरी 'घर वापसी' का लक्ष्य रखा गया है। पूर्वोत्तर भारत की पहाड़ियों में बसा यह समुदाय खुद को बाइबिल की 'दस खोई हुई जनजातियों' में से मेनाशे का वंशज मानता है।

2700 साल पहले असिरियन निर्वासन के बाद वे पूर्व की ओर बढ़े और अंत में भारत में बस गए। इजराइल सरकार की नई योजना से उनकी 'घर वापसी' तेज हो रही है। इसके तहत 2030 तक पूरी कम्युनिटी को इजराइल में बसाया जाएगा। हालांकि इस तेजी के पीछे मणिपुर की जातीय हिंसा की त्रासदी भी छिपी बताई जा रही है।

वार्षिक रिपोर्ट

विधायी थिंक टैंक पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च की वार्षिक

# विधायी कार्य पर 30 प्रतिशत से भी कम समय किया खर्च



**नई दिल्ली।** विधायी थिंक टैंक पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, 2025 में लोकसभा और राज्यसभा ने अपने कुल कार्य समय का 30 प्रतिशत से भी कम हिस्सा विधायी कार्यों पर व्यतीत किया। इसमें विधेयकों पर चर्चा और उन्हें पारित करने का समय शामिल है।

रिपोर्ट में यह भी उजागर किया गया कि प्रश्नकाल निर्धारित समय से काफी कम चला, जो संसदीय जवाबदेही के लिए महत्वपूर्ण है।

पीआरएसकी विश्लेषण रिपोर्ट में कहा गया है कि दोनों सदनों ने वर्ष भर में कुल 62 दिन कार्य किया। लोकसभा ने अपने निर्धारित समय का 80 प्रतिशत और राज्यसभा ने 83 प्रतिशत उपयोग किया।

हालांकि, विधायी कार्यों पर फोकस बेहद कम रहा। प्रश्नकाल लोकसभा में सुबह 11 से 12 बजे और राज्यसभा में दोपहर 12 से 1 बजे तक निर्धारित है, लेकिन यह पूर्ण अवधि तक नहीं चला।

### 2025 में संसद ने कुल 31 विधेयक पारित किए

वर्ष 2025 में संसद ने कुल 31 विधेयक पारित किए। इनमें प्रमुख रूप से वक्फ संपत्तियों के नियमों में संशोधन करने वाला वक्फ (संशोधन) विधेयक, आयकर कानूनों को सरल बनाने वाला विधेयक, ऑनलाइन पैसे कमाने वाले गेम्स और संबंधित सेवाओं पर प्रतिबंध लगाने वाला कानून शामिल है। इसके अलावा, परमाणु ऊर्जा क्षेत्र को निजी खिलाड़ियों के लिए खोलने वाला शांतिविधेयक और बीमा क्षेत्र में 100 फीसदी एफडीआई की अनुमति देने वाला विधेयक भी पारित हुए।

### 18वीं लोकसभा के कार्यकाल में अब तक 42 विधेयक पेश किए गए हैं

18वीं लोकसभा के कार्यकाल में अब तक 42 विधेयक पेश किए गए हैं, जिनमें से 26 प्रतिशत (11 विधेयक) को विस्तृत जांच के लिए संसदीय समितियों को भेजा गया। केवल एक विधेयक को विभागीय स्थायी समिति के पास भेजा गया। इनमें एक राष्ट्र एक चुनाव से संबंधित दो विधेयक और हिरासत में लिए गए मंत्रियों की अयोग्यता से जुड़े तीन विधेयक शामिल हैं, जिनकी संयुक्त समितियों द्वारा जांच चल रही है। पीआरएस रिपोर्ट के अनुसार, कम विधायी समय और समिति जांच की कमी से कानून बनाने की प्रक्रिया पर सवाल उठ रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि इससे संसद की जवाबदेही और गहन चर्चा प्रभावित हो रही है। वर्ष के अंत में यह रिपोर्ट संसदीय कार्यप्रणाली पर बहस को नई दिशा दे सकती है।

# संपादकीय

## अरावली से छेड़छाड़ : खतरे में पड़ जाएगा पूरा इकोसिस्टम



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

अरावली पर्वतमाला भारत की सबसे प्राचीन पर्वत श्रृंखलाओं में से एक है। राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली और गुजरात तक फैली यह 692 किलोमीटर लंबी श्रृंखला न केवल भौगोलिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन का आधार भी है। लेकिन पिछले कुछ दशकों में खनन, अवैध अतिक्रमण, रियल एस्टेट परियोजनाएं और अनियोजित शहरीकरण ने अरावली को गंभीर खतरे में डाल दिया है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि अरावली से छेड़छाड़ जारी रही तो न केवल इसकी प्राकृतिक सुंदरता खत्म हो जाएगी, बल्कि पूरा इकोसिस्टम ध्वस्त हो जाएगा।

अरावली भारत के शुष्क और अर्ध-शुष्क क्षेत्र का प्राकृतिक ढाल है। यह थार मरुस्थल की रेत को पूर्वी दिशा में फैलने से रोकती है। इसके जंगल और पहाड़ियां वर्षा जल को अवशोषित कर भूजल स्तर को बनाए रखते हैं। दिल्ली-एनसीआर, गुरुग्राम, फरीदाबाद, अलवर और जयपुर जैसे शहरों का अधिकांश पेयजल अरावली के भूजल पर निर्भर है। यदि पहाड़ कटते रहे तो भूजल स्तर तेजी से गिरेगा और जल संकट असहनीय हो जाएगा।

अरावली का जैव-विविधता भी अद्भुत है। यहां 300 से अधिक पक्षी प्रजातियां, 120 से ज्यादा स्तनधारी, सैकड़ों सरीसृप और दुर्लभ पौधे पाए जाते हैं। लेपर्ड, जंगली बिल्ली, नीलगाय, चौसिंगा, सांभर, काला तेंदुआ, पेंगोलिन, भारतीय वुल्चर और कई प्रजातियां यहां निवास करती हैं। अरावली के घने जंगल कार्बन सिंक का काम करते हैं और जलवायु परिवर्तन से लड़ने में मदद करते हैं। लेकिन अवैध खनन और पत्थर तोड़ने की मशीनों ने इन जंगलों को काट डाला है। 2018 से 2024 के बीच राजस्थान में अकेले 40,000 हेक्टेयर से अधिक अरावली भूमि पर अवैध खनन हुआ। हरियाणा में भी हजारों एकड़ जंगल नष्ट हो चुके हैं।

दिल्ली-एनसीआर में अरावली की चोटियों पर लग्जरी फार्महाउस, हाउसिंग सोसाइटीज और गोल्फ कोर्स बन रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कई बार आदेश दिए कि अरावली में कोई निर्माण नहीं हो सकता, फिर भी प्रभावशाली लोग नियम तोड़ रहे हैं। गुरुग्राम के पास अरावली के दिल में बने ये प्रोजेक्ट्स न केवल जंगलों को नष्ट कर रहे हैं, बल्कि वन्यजीवों के आवास को भी छीन रहे हैं।

अरावली का विनाश पर्यावरण के अलावा मानव जीवन पर भी सीधा असर डाल रहा है। खनन से धूल और प्रदूषण बढ़ा है। सांस की बीमारियां, कैंसर और त्वचा रोग बढ़ रहे हैं। बरसात में मिट्टी का कटाव बढ़ने से बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। 2023 में गुरुग्राम और फरीदाबाद में अरावली क्षेत्रों में आई बाढ़ इसका जीता-जागता सबूत है।

अरावली को बचाने के लिए तत्काल कदम उठाने होंगे। सबसे पहले अवैध खनन पर पूरी तरह रोक लगनी चाहिए। खनन विभाग, वन विभाग और स्थानीय प्रशासन को मिलकर सख्त कार्रवाई करनी होगी। दूसरा, अरावली को संरक्षित क्षेत्र घोषित कर विशेष कानूनी सुरक्षा दी जानी चाहिए। तीसरा, रियल एस्टेट परियोजनाओं की अनुमति पर पूर्ण रोक लगनी चाहिए। चौथा, स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार देकर जंगल संरक्षण में शामिल करना होगा। पांचवां, बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण और प्राकृतिक जल संरक्षण कार्य शुरू किए जाएं।

अरावली सिर्फ पहाड़ नहीं है, यह जीवन का आधार है। यह दिल्ली-एनसीआर की हवा, पानी और जैव-विविधता का संरक्षक है। यदि हमने आज इसे बचाया नहीं तो आने वाली पीढ़ियां मरुस्थल के बीच रहने को मजबूर होंगी। अरावली से छेड़छाड़ बंद होनी चाहिए, अन्यथा पूरा इकोसिस्टम और लाखों-करोड़ों लोगों का जीवन खतरे में पड़ जाएगा। समय बहुत कम बचा है। अब जागने और बचाने का वक्त है।

## सेहत का नया साल

आज हम एक नये साल में प्रवेश कर रहे हैं। नववर्ष पर हम एक दूसरे को शुभकामनाएं देते हैं। मंगलकामनाएं अभिव्यक्त करते हैं। लेकिन नये वर्ष के आगमन के उत्साह में हम इकतीस दिसंबर को देर रात तक नये साल के जश्न में जुटे रहते हैं। इधर देश में प्रयोगधर्मी खानपान व नशीली पार्टियों का फैशन जैसा बन गया है। देर रात तक चलने वाली पार्टियों के बाद नये साल के पहले दिन ही हमारी नींद देर से खुलती है। फिर नये साल का पहला दिन ही सुस्ती और आलस्य के साथ शुरू होता है। कायदे से नये साल की शुरुआत एक ताजगीभरी सुबह के साथ होनी चाहिए। नये संकल्पों के लिए ऊर्जावान सुबह के साथ शुरू हो पहला दिन। निश्चित रूप से हमारा सामान्य जीवन व्यवहार बंधनों में नहीं बांधा जा सकता, लेकिन स्वस्थ जीवन के लिए कुछ नियम जरूरी भी हैं। दरअसल, नये दौर में हम, खासकर नई पीढ़ी एक अराजक जीवन जीने को अपनी शान समझती है। अमेरिका में हुए कुछ शोधों के बाद पता चला है कि सुबह जल्दी उठना और रात को जल्दी सोना हमारी सेहत की गारंटी होती है। यह पुरानी भारतीय अवधारणा ही है। भारतीय समाज में ब्रह्ममुहूर्त में उठने की प्रतिष्ठित परंपरा रही है। इस समय प्रकृति एकाग्रता-ध्यान हेतु शांत होती है। शरीर के मल स्वतः बाहर निकलने की प्रक्रिया में होते हैं। यह तथ्यपरक है कि हम जितनी जल्दी नित्यकर्म से निवृत्त होते हैं, उतने जल्दी स्वस्थ होते हैं। नया साल न तो कोई जादू है और न ही चमत्कार करने वाला होता है। महज एक नये दिन मानक होता है। नया दिन बदलाव के संकल्प का और उससे जीवन को सुखमय बनाने का। यूं भी जब जनवरी के पहले दिन का आगमन होता है तो शीत का प्रकोप होता है, जिसके चलते जीवन की गति मंथर हो जाती है। संभवतः शीतजनित इस नीरसता व एकरसता को तोड़ने के लिए दुनिया में नववर्ष के उत्सव को बड़े पैमाने पर मनाने की परंपरा शुरू की गई होगी।

सही मायनों में उत्सव का उल्लास हमारे तन-मन को स्वस्थ और मंगलमय बनाने के लिए होता है। लेकिन इस दौरान हम खानपान को लेकर अराजक व्यवहार करने लगते हैं। दरअसल, हमारा शरीर बेहद संवेदनशील व हमारी सेहत के प्रति सचेत होता है। शरीर का अपना उन्नत सुरक्षा-तंत्र लगातार हमारे स्वास्थ्य की फिक्र करता है। वह शरीर को सर्दी-गर्मी के अनुरूप अपना ताप नियंत्रित कर हमारे जीवन की रक्षा करता है। वह बार-बार संकेतों से हमें सचेत करता है। हम उसकी आवाज अनसुनी कर देते हैं। एक सीमा तक वह इसे बर्दाश्त करता है, लेकिन फिर असहाय होने की स्थिति में बीमार पड़ जाता है। अक्सर देखते हैं कि नये साल के जश्न, शादी-विवाह व मुफ्त की पार्टियों में हम जरूरत से ज्यादा खा लेते हैं। लेकिन खाने-पीने की अराजकता पेट को लगातार परेशान करती है। उत्सव व पार्टी में हम सामान्य दिनों की तुलना में ज्यादा खा लेते हैं। योग दर्शन बताता है कि पेट को चार भागों में मानकर दो भाग खाने के लिये, एक पानी और एक आकाश तत्व के लिये रखें। आकाश तत्व यानी खाली रखने के लिए, जिससे पाचन की क्रिया सुगम होती है। हम किसी मशीन में भी कोई पदार्थ ठूंस-ठूंस कर भर दें, तो उसकी गति बाधित होती है। फिर पेट तो कोमलअंगी होता है। जापान के एक द्वीप में सौ से अधिक उम्र के सैकड़ों लोग मौजूद है, जिसने पश्चिमी शोधकर्ताओं को चकित किया। शोध में पता चला कि श्रमशील व प्रसन्न रहने वाले इस द्वीप के लोगों की एक खास आदत है, जब उन्हें लगता है कि खान पर्याप्त हो गया है, तो वे थाली का खाना उसी वक्त छोड़ देते हैं। यही उनकी लंबी उम्र का राज भी है। दरअसल, भूख हमारी शारीरिक जरूरत से अधिक मानसिक होती है। बढ़ती उम्र के साथ हमारे खाने की मात्रा में कमी होनी चाहिए। हम जीने के लिये खाएं, न कि खाने के लिए जीएं। अब चाहे नये साल की पार्टी हो या कोई पर्व-त्योहार, हमें संयमित भोजन का ही उपयोग करना चाहिए। हल्का, सुपाच्य व कम भोजन जहां दवा है, वहीं गरिष्ठ व अधिक भोजन हानिकारक हो सकता है।

वैश्विक परिवार दिवस- 1 जनवरी, 2026

# पारिवारिक परंपरा को बोझ नहीं, वैश्विक समाधान समझें

-ललित गर्ग-

वैश्विक परिवार दिवस, शान्ति और साझेदारी का एक दिन, संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रतिवर्ष 1 जनवरी को मनाया जाता है। यह दिवस संयुक्त राष्ट्र सहस्राब्दी समारोह, 'शान्ति में एक दिन' से विकसित हुआ। समग्र विश्व एक वैश्विक ग्राम है और हम सभी इस बृहत्-परिवार का हिस्सा हैं। भारत ने तो वसुधैव कुटुम्बकम् का उद्घोष करते हुए समूची दुनिया को एक परिवार ही माना है। वैसे भारत की परिवार परम्परा दुनिया के लिये अनुकरणीय है। हम सभी एक परिवार हैं, चाहे हमारी नागरिकता, धर्म, जाति, सीमाएं या नस्ल कुछ भी हो। समग्र मानव जाति को एक साथ आना चाहिए और प्रेम और शान्ति में विश्वास करना चाहिए और विश्व में सुख और आशा लाने हेतु इसका अभ्यास करना चाहिए। संसार संघर्षों, युद्धों, उपद्रवों, कष्ट और पीड़ा से भरा पड़ा है। यदि हम सभी एक साथ आएं और दुनिया को प्रेम और धैर्य से ठीक करें, तो हम सभी खुशी से और अपने हृदयों में आशा के साथ रह सकते हैं। वैश्विक परिवार दिवस विविधता एवं एकता और विश्व शान्ति और अहिंसा महत्त्व के बारे में जागरूकता लाता है।



इस दिवस की शुरुआत 1997 में हुई जब संयुक्त राष्ट्र महासभा ने नव सहस्राब्दी के पहले दिन से विश्व के बच्चों के लिए शांति और अहिंसा की संस्कृति के अंतर्राष्ट्रीय दशक की शुरुआत की। लिंडा ग्रोवर ने अमेरिका में इसे बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और इसे बढ़ावा देने के अन्य प्रयासों में 'वन डे इन पीस - जनवरी 1, 2000' जैसी पुस्तकें शामिल थीं। यह पुस्तक भविष्य में एक ऐसे दिन की अवधारणा पर आधारित थी जहाँ केवल शांति हो और कोई युद्ध न हो। हालांकि, यह एक नए शांतिपूर्ण विश्व की शुरुआत मात्र थी और 1999 में, संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों को उस वर्ष के पहले दिन को शांति निर्माण की रणनीतियों को विकसित करने के लिए समर्पित करने का निमंत्रण मिला। इस दिन के सकारात्मक प्रभाव को देखते हुए, संयुक्त राष्ट्र ने 2001 में वैश्विक परिवार दिवस को वार्षिक आयोजन घोषित कर दिया।

प्रत्येक वर्ष परिवार की भूमिका, उसकी बदलती संरचना और सामाजिक प्रासंगिकता पर विचार करने का अवसर देने वाला वैश्विक परिवार दिवस आज के समय में केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं रह गया है, बल्कि वह आधुनिक समाज की सबसे गहरी विडंबनाओं और चुनौतियों को उजागर करने वाला एक चिंतन-दिवस बन गया है। परिवार मानव जीवन की वह मूल इकाई है, जहाँ व्यक्ति का भावनात्मक, नैतिक और सामाजिक निर्माण होता है। भारतीय संदर्भ में परिवार केवल रक्त-संबंधों का समूह नहीं रहा, बल्कि वह संस्कारों की पाठशाला, शांति, सहयोग एवं सौहार्द की प्रयोगभूमि और जीवन-मूल्यों का आधार रहा है। इसी परिवार-परंपरा ने भारत को सदियों तक सामाजिक स्थिरता, अहिंसा, सहिष्णुता और मानवीय करुणा का देश बनाए रखा। आज विडंबना यह है कि जिस भारतीय परिवार व्यवस्था को दुनिया एक आदर्श मॉडल के रूप में देख रही है, उसी भारत में वह धीरे-धीरे उपेक्षा और विस्मृति का शिकार होती जा रही है।

वैश्वीकरण, शहरीकरण, प्रतिस्पर्धा और उपभोक्तावादी जीवनशैली ने परिवार को सुविधा-केंद्रित इकाई में बदल दिया है। संयुक्त परिवारों का विघटन, एकल परिवारों का बढ़ना और रिश्तों में औपचारिकता का प्रवेश इस परिवर्तन की स्पष्ट पहचान है। माता-पिता दोनों के कार्यरत होने की स्थिति में बच्चों के साथ समय बिताना एक चुनौती बन गया है। परिणामस्वरूप बचपन, जो कभी परिवार के स्नेह, संवाद और अनुभवों से संवरता था, आज स्क्रीन, अकेलेपन और भावनात्मक रिक्तता के बीच पनप रहा है। बच्चों के जीवन में माता-पिता की अनुपस्थिति केवल समय की कमी नहीं है, बल्कि वह सुरक्षा, संवाद और मार्गदर्शन की कमी भी है। परिवार का वह सहज वातावरण, जहाँ प्रश्न पूछे जा सकते थे, गलतियाँ स्वीकार की जा सकती थीं और भावनाएँ साझा की जा सकती थीं, आज धीरे-धीरे सिमटता जा रहा है। बुजुर्ग, जो कभी परिवार की धुरी हुआ करते थे, अनुभव और संस्कार के संवाहक थे, आज कई घरों में हाशिये पर खड़े दिखाई देते हैं। उनके पास समय नहीं, धैर्य नहीं और कभी-कभी सम्मान भी नहीं बचा। यह स्थिति केवल पीढ़ियों के बीच दूरी नहीं बढ़ा रही, बल्कि समाज को उसके नैतिक आधार से भी वंचित कर रही है।

दूसरी ओर, यह भी एक महत्वपूर्ण तथ्य है कि वैश्विक स्तर पर आज परिवार की भूमिका को नए सिरे से समझा जा रहा है। पश्चिमी देशों में, जहाँ अत्यधिक व्यक्तिगत स्वतंत्रता ने सामाजिक अकेलेपन को जन्म दिया, अब परिवार, साझेदारी और सामूहिक जीवन की पुनर्स्थापना पर गंभीर विमर्श हो रहा है। इसी क्रम में वैश्विक परिवार दिवस को केवल परिवार के रूप में नहीं, बल्कि शांति, सहयोग और साझेदारी के प्रतीक के रूप में भी देखा जाने लगा है। उल्लेखनीय है कि संयुक्त राज्य अमेरिका में इस दिवस को शांति और साझेदारी के वैश्विक दिवस के रूप में भी परिवार और मानवीय संबंधों के महत्व को रेखांकित किया जाता है। यह संकेत देता है कि परिवार केवल निजी जीवन की इकाई नहीं, बल्कि वैश्विक शांति और सामाजिक संतुलन की आधारशिला भी है।

दुनिया भर में संस्कृतियाँ और धर्म अलग-अलग हो सकते हैं लेकिन सच्चाई यह है कि पूरी मानव जाति एक बड़ा परिवार है जो एकजुट होकर ही जीवित रह सकती है। इस वर्ष वैश्विक परिवार दिवस की थीम परिवार, शिक्षा और कल्याण: आज और भविष्य इस तथ्य की ओर संकेत करती है कि परिवार की भूमिका केवल बच्चों को पालने तक सीमित नहीं है, बल्कि वह शिक्षा का पहला केंद्र और कल्याण का स्थायी आधार है।

वैश्विक परिवार दिवस की प्रासंगिकता इसी बिंदु पर सबसे अधिक उभरकर सामने आती है कि परिवार केवल रहने की व्यवस्था नहीं, बल्कि जीने की संस्कृति है। परिवार में बिताया गया समय निवेश है, व्यय नहीं। बच्चों के साथ संवाद, बुजुर्गों के साथ सहभागिता और रिश्तों के बीच संवेदनशीलता समाज के दीर्घकालिक स्वास्थ्य की गारंटी है। यदि आज परिवार टूट रहे हैं, तो उसका प्रभाव केवल घर की चारदीवारी तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि वह सामाजिक असंतुलन, मानसिक तनाव और मूल्यहीनता के रूप में व्यापक रूप से सामने आएगा। इस संदर्भ में आवश्यक है कि हम परिवार को नए दृष्टिकोण से देखें। आधुनिकता और परंपरा के बीच संतुलन स्थापित किया जाए। कार्य और परिवार के बीच प्राथमिकताओं का पुनर्निर्धारण हो। डिजिटल सुविधाओं के साथ मानवीय संवाद को भी उतना ही महत्व दिया जाए। बच्चों के लिए समय निकालना दायित्व नहीं, बल्कि भविष्य के समाज में निवेश के रूप में समझा जाए। बुजुर्गों को केवल सहारा नहीं, बल्कि मार्गदर्शक के रूप में पुनः स्वीकार किया जाए।


वैश्विक परिवार दिवस और शांति व साझेदारी का वैश्विक संदेश हमें यह सिखाता है कि परिवार जितना सशक्त होगा, समाज उतना ही शांत और सहयोगी बनेगा।

परिवारों में संवाद होगा तो समाज में टकराव कम होंगे। परिवारों में साझेदारी होगी तो राष्ट्रों के बीच भी सहयोग की भावना मजबूत होगी। इसलिए आज आवश्यकता इस बात की है कि भारत अपनी पारिवारिक परंपरा को बोझ नहीं, बल्कि वैश्विक समाधान के रूप में देखे। अंततः वैश्विक परिवार दिवस हमें आत्ममंथन का अवसर देता है।

यदि परिवार सशक्त हुए तो शांति, साझेदारी और मानवीय मूल्यों का भविष्य सुरक्षित रहेगा। भारतीय परिवार परंपरा आज भी प्रासंगिक है, आवश्यक है कि हम उसे समयानुकूल रूप देते हुए अपने जीवन के केंद्र में पुनः स्थापित करें, क्योंकि मजबूत परिवार ही मजबूत समाज और शांत विश्व की आधारशिला होते हैं।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3757




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः




### काकुरो - 3756 का हल



## हंसी के फूव्वारें

विज्ञान की कक्षा में छात्रा को बहुत नींद आ रही थी. व्याख्यान के दौरान उसकी गर्दन बार-बार नीचे लटक जा रही थी.

प्राध्यापिका का ध्यान जब उसकी तरफ गया तो पूछ बैठी, 'मैं समझा रही हूँ और तम्हारी गर्दन बार-बार नीचे झुक जाती है, क्या कारण है ?'

छात्रा ने झट विज्ञान की भाषा में ही जवाब देते हुए कहा, 'जी, यह तो पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण के कारण हो रहा है.'

□ □ □

'क्यों बच्चे, यह गेंद तुम्हारी है ?'
'अंकल, इससे कोई शीशा टूटा है ?'
'नहीं तो ?'
'फिर यह मेरी ही है.'

□ □ □

रसोई में घरवाली की सहायता करते हुए पति चिढ़कर बोले, 'देखोजी, मुझसे तो ये रोटियां बेली नहीं जातीं. बेलने का अभ्यास जो नहीं है.'

'मुझसे विवाह करने के लिए तुमने कितने पापड़ बेले थे, भूल गये क्या ?'


□ □ □

एक अविवाहित डॉक्टर से बोला- जब मैं दोनों हाथ पर आगे झुककर हाथों को घुमाता हूँ तो दाहिने कंधे में दर्द होता है.

डॉक्टर- लेकिन आप ऐसा करते ही क्यों हैं ?

अविवाहित-कोट पहनने का कोई दूसरा उपाय आप जानते हों तो मुझे भी बताएँ.

## फिल्म वर्ग पहेली - 3757



### बायें से दायें:-

१. 'अंग्रेजी में कहते हैं' गीत वाली अमिताभ, परवीन की फिल्म-३
३. कुमार गौरव, पूनम की 'माँग लूंगा तुझे' गीत वाली फिल्म-३
५. 'शीशा हो या दिल हो' गीत और नायिका रीना राय वाली फिल्म-२
७. अक्षय, करीना की 'यार बदल ना जाना' गीत वाली फिल्म-३
९. सुनीलदत्त, किशोरकुमार के 'सामने वाली खिड़की में' रहती है-४
१०. करिश्मा, मनीषा की 'रंग दी रंग दी' गीत वाली फिल्म-४
११. नवीन निश्चल, रेखा की 'राज की बात कह' कव्वाली वाली फिल्म-२
१५. 'जिस दिल में बसा था' गीत वाली प्रदीपकुमार की फिल्म-३
१७. सुनील शेट्टी, नम्रता की 'जीना तेरी बाहों में' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'घायल घायल तूने मुझे' गीत वाली मिथुन, श्रीदेवी की फिल्म-२
२१. सुनीलदत्त, माला की 'चलो एक बार फिर से' गीत वाली फिल्म-४
२२. 'गाये जा गीत मिलन के' गीत वाली दिलीप, नर्गिस की फिल्म-२
२५. संजयदत्त, माधुरी की 'टपका रे टपका' गीत वाली फिल्म-४
२९. 'मैं दुनिया भुला दुंगा' गीत वाली राहुल राय, अनु की फिल्म-३
३०. मिथुन चक्रवर्ती, टीना मुनीम की १९८४ की एक फिल्म-३
३१. 'बाराना दे बाराना' गीत वाली अक्षयकुमार, शिल्पा की फिल्म-३

### ऊपर से नीचे:-

१. 'हाय रे हाय रे' गीत वाली नई फिल्म-२
२. जोहराबाई अंबाले के गीत 'अंखियां मिलाके जिया' गीत वाली फिल्म-३
३. फिल्म 'अनोखी रात' के संगीतकार-३
४. अरविंद स्वामी, प्रभुदेवा, काजोल की १९९७ की एक फिल्म-३
५. 'नींद कभी रहती थी' गीत वाली फिल्म-३
६. अमिताभ बच्चन, शशि कपूर, शत्रु, राखी, परवीन, बिंदिया की अभिनीत फिल्म-२
८. 'मेरे अँगने में तुम्हारा' गीत वाली फिल्म-४
१०. फिरोजखान, हेमा, रेखा की फिल्म-३
१२. 'माई हार्ट इज बीटिंग' गीत वाली विक्रम, लक्ष्मी की फिल्म-२
१३. किशोर कुमार, मधुबाला की 'कोई हमदम ना रहा' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'गोरे गोरे मुखड़े पे काला काला चश्मा' गीत वाली फिल्म-३
१६. फिल्म 'शरीफ बदमाश' में नायिका कौन थी-२
१८. 'तुम रूठ के मत' गीत वाली फिल्म-३
१९. अमिताभ, जया की 'जहाँ चार यार' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'आँखों से तूने ये क्या' गीत वाली फिल्म-३
२३. अमिताभ की 'अरे दीवानों मुझे पहचानो' गीत वाली फिल्म-२
२४. 'गोरी तेरा नखरा' गीत वाली बॉबी, करिश्मा की फिल्म-३
२६. नायक-निर्माता-निर्देशक अकबर खान, रंजीता, स्मिता की फिल्म-३
२७. अनिल, अक्षय, ऐश्वर्या की सुभाष घई निर्देशित फिल्म-२
२८. 'जाने क्या होगा रामा रे' गीत वाली बहु सितारा फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली - 3756



## सूडोकु -3757


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| | 1 | | | | | 2 | | |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | |
| | | | 4 | | | | | 6 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 7 | | | | 9 | | | 8 |
| | | 2 | | | | | 1 | |
| | | | 3 | | | | 4 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3756 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 1 | 6 |
| 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 |

## शब्द पहेली - 3757



### बाएँ से दाएँ

1.पक्षियों का शोर-4
3.मुठभेड़,भिड़ंत-4
5.क्रोधित होवा-5
8.लाश,पार्थिव देह-2
10.नवीन-2
11.सरिता-2
12.संजय दत्त, मंदाकिनी अभिनीत फिल्म-2
13.दोजख,नर्क-3
15.नमकीन लवण-3
17.बेकार-3
18.आंचल-3
20.फायदा,लाभ-2
21.चिट्ठी,पत्र-2
22.जी,चित-2
24.संपूर्ण-2
26.कुचलना,दबाना-3
28.दाड़म,एक फल-3
30.सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
32.खिचड़ी,पुलाव-3
34.मां,आई-2
35.भाग्य (अंग्रेजी-2)
36.सौतन-2
38.लीन-2
39.चमकीला-5
40.नसीब,किस्मत-4
41.चुनौती-4

### ऊपर से नीचे

1.दलाली-4
2.स्वदेश,जन्मभूमि-3
3.दौंडी पीटना-3
4.बेमिसाल-4
6.इसमें तलवार रखते हैं-3
7.मापदंड,आदर्श-3
9.इच्छित वस्तु-4
12.जीरक,कणिका-2
14.थोड़ा,जरा-2
16.आनंद-2
17.क्रोधित,रुष्ट-2
19.अदा-3
20.पति की बहन-3
23.मन को हरने वाला-4
24.निष्कर्ष-2
25.उम्मीद-2
27.वोट,अभिमत-2
28.धरोहर,थाती-4
29.रिश्ता-2
30.नकद राशि,रोकड़-3
31.संधिपत्र,मसविदा-3
33.रीति अनुसार-4
35.अदृढ,तर्कहीन-3
37.द्रव पदार्थ-3

### शब्द पहेली - 3756 का हल



# नोएडा 2026 : शहर वासियों को मिलेगा पब्लिक ट्रांसपोर्ट, उड़ेगी पहली कामर्शियल फ्लाइट

**नोएडा।** नोएडा और ग्रेटरनोएडा के लिए 2026 नई उम्मीदों का होगा। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के अलावा पब्लिक ट्रांसपोर्ट और जाम से निजात दिलाने के लिए रोड और एलिवेटेड कनेक्टिवटी मिलेगी। साथ ही प्रशासनिक भवन और स्काईवॉक भी मिलेगा।








### नोएडा एयरपोर्ट पर पहली कामर्शियल और कार्गो फ्लाइट

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहले फेज में एक रनवे व टर्मिनल बिल्डिंग के साथ सितंबर 2024 में काम पूरा होने के साथ ही संचालन की तैयारी थीं। एयरपोर्ट को नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) की तरफ से सिक्योरिटी क्लीयरेंस न मिलने से महानिदेशालय नागर विमानन (डीजीसीए) ने एयरोड्रम लाइसेंस जारी नहीं किया। जनवरी में इसे शुरू किया जा सकता है। पहले कार्गो फिर कामर्शियल फ्लाइट उड़ान भरेगी।

### बोड़ाकी तक मेट्रो को मंजूरी

इसी साल सरकार की ओर से एक्वा मेट्रो के ग्रेटर नोएडा स्थित आखिरी स्टेशन मेट्रो डिपो से बोड़ाकी तक लाइन के विस्तार की मंजूरी मिली। 2.6 किमी लंबी लाइन बिछाई जाएगी। बोड़ाकी में रेलवे जंक्शन बनना है, जिसकी कनेक्टिविटी मेट्रो से हो जाएगी। वहीं बोटेनिकल गार्डन से सेक्टर-142 और सेक्टर-61 से नालेज पार्क-5 तक मेट्रो संचालित करने की परियोजना को इस साल भी केंद्र से मंजूरी नहीं मिल सकी।

### मिलेंगी ई बस बढ़ेगा पब्लिक ट्रांसपोर्ट

नोएडा-ग्रेटरनोएडा में ई बस सेवा की सुविधा इस साल मिल जाएगी। कंपनियों के लिए दोबारा टेंडर जारी होंगे। एसपीवी शासन बनाएगा। ऑन डिमांड तीनों प्राधिकरण को ई बस दी जाएंगी। जिनको अलग-अलग रुटों पर चलाया जाएगा। हालांकि ये बस सेवा इसी साल चलनी थी।

### नोएडा को मिलेगा पहला स्काईवॉक

नोएडा के सेक्टर 62 में स्काईवाक 530 मीटर लंबा और चार मीटर चौड़ा होगा। यह स्काईवाक माडल टाउन गोल चक्कर के चारों तरफ जीरो आकार का होगा।

इसको दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर खोड़ा कालोनी की तरफ बने एफओबी को जोड़कर जीरो के आकार में बनाते हुए छिजारसी की तरफ बनाया जाएगा। इसे बनाने में करीब 43 करोड़ रुपए की लागत खर्च होगी। छह महीने में यह बनकर तैयार होगा। इसके अलावा सेक्टर-51 और 52 मेट्रो को जोड़ने वाला स्काईवॉक फरवरी तक मिल जाएगा।

### नोएडा ग्रेटरनोएडा को मिलेगी नई कनेक्टिविटी

एलजी गोलचक्कर से शारदा विश्वविद्यालय होते हुए नोएडा ग्रेनो एक्सप्रेसवे तक लिंक रोड की योजना है।

नमोली गांव के पास टीसीरीज कंपनी की जमीन के कुछ हिस्से पर विवाद है।

कंपनी का कहना है कि जितनी जमीन प्राधिकरण ले रहा है, उतनी ही जमीन कहीं और उपलब्ध कराई जाए। हालांकि यहां हिंडन ब्रिज, नोएडा की एप्रोच रोड पूरी हो चुकी है। ये एलजी चौक से नोएडा के सेक्टर-145 तक है।

### गौर चौक अंडरपास से जाम नहीं लगेगा

गौर चौक पर अंडरपास का निर्माण 92 करोड़ रुपए से हो रहा है।

इसी डेडलाइन पहले जून 2025 थी, फिर इसे बढ़ाकर दिसंबर किया गया। अब इस अंडरपास को बनने में अभी और छह महीने लगेंगे। प्राधिकरण के मुताबिक बिजली, पीएनजी, की लाइन शिफ्ट करने के साथ ही पेड़ों को भी शिफ्ट करने में समय अधिक लग रहा है। अब जनवरी 2026 में निर्माण पूरा होगा। इससे शुरू होने से गौर चौक पर जाम से राहत मिलेगी।

सेक्टर-96 में नोएडा प्राधिकरण की प्रशासनिक बिल्डिंग का निर्माण पूरा हो गया है। इसे 390 करोड़ में बनाया गया है। इसके बनने से प्राधिकरण के सभी रीजनल आफिस को इसमें शिफ्ट कर दिया जाएगा। जिससे लोगों को एक ही छत के नीचे सभी काम हो सकेंगे।

### स्पोर्टस कांप्लेक्स का निर्माण

नोएडा में सेक्टर-123 में स्पोर्टस कांप्लेक्स का निर्माण हो जाएगा। इसका निर्माण 70 करोड़ में किया जाएगा। खेलो इंडिया खेलों की प्रतिभा बढ़ाने के लिए इसका निर्माण किया जाएगा।

## शार्ट न्यूज

### मिशन युवा शक्ति ने शुरू किया गर्म वस्त्र दान अभियान

**जेवर।** युवा सामाजिक संगठन मिशन युवा शक्ति (एमवाईएससी फाउंडेशन) ने बुधवार से गर्म वस्त्र दान अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत संगठन के कार्यकर्ता लोगों द्वारा दान किए गए गर्म कपड़ों को एकत्र कर जरूरतमंदों तक पहुंचा रहे हैं। संगठन के अध्यक्ष सुमित चपरगढ़ ने बताया कि कड़ाके की सर्दी में निर्धन और असहाय लोगों को चिह्नित कर उन्हें गर्म वस्त्र उपलब्ध कराए जा रहे हैं। अभियान के पहले दिन जेवर क्षेत्र के ग्राम चपरगढ़ और आसपास के इलाकों में बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को गर्म कपड़े वितरित किए गए। सुमित चपरगढ़ ने समाज के सक्षम लोगों से आगे आकर जरूरतमंदों की सहायता करने की अपील की, ताकि कोई भी व्यक्ति सर्दी के कारण परेशान न हो। संगठन ने क्षेत्रवासियों से इस मानवीय पहल से जुड़कर अधिक से अधिक लोगों की मदद करने का आग्रह किया है। इस अवसर पर ललित बंसल, सुमित मीणा, कुलदीप शर्मा और पुष्पेंद्र भाटी सहित संगठन के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### गिफ्ट कार्ड के नाम पर 24 लाख ठगे

**नोएडा।** नोएडा में साइबर ठगों ने इवेंट मैनेजमेंट कंपनी का निदेशक बनकर महिला स्टाफ से महंगे गिफ्ट की खरीदारी कराने के बहाने 24 रुपए की ठगी कर ली। मामले की शिकायत साइबर क्राइम थाने की पुलिस से की गई है। अज्ञात ठगों के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच भी शुरू कर दी है। जिस समय ठगी हुई, पीड़िता दिल्ली में आयोजित बैठक में शामिल होने मुंबई स्थित कंपनी के दफ्तर से आई थीं। साइबर क्राइम थाने में दी शिकायत में सेक्टर-120 स्थित प्रतीक लॉरेल सोसाइटी निवासी अश्विनी कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि एक अक्टूबर को उनकी कंपनी की ओर से सभी स्टॉफ को प्रशिक्षण लेने के लिए दिल्ली बुलाया गया था। मुंबई से हिमानी मौलिक नाम की महिला भी आई थी। उस दिन निदेशक राजेश गुप्ता कंपनी के काम से बार्सिलोना गए हुए थे। इस बीच हिमानी के फोन पर अनजान नंबर से मैसेज आया। जिसमें शातिर ने खुद को निदेशक बताकर हिमानी को ऑनलाइन शापिंग साइट के जरिए एपल गिफ्ट कार्ड खरीदने का आदेश दिया।

### 13 स्थानों पर बैटरी स्वेपिंग स्टेशन बनेंगे

**नोएडा।** इलेक्ट्रिक गाड़ियां चलाने वालों के लिए अच्छी खबर है। नोएडा में 13 स्थानों पर बैटरी स्वेपिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। जीएम एसपी एसपी सिंह ने कहा कि मार्च 2026 तक शहर में 13 बैटरी स्वेपिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। प्रत्येक स्टेशन पर दो स्वेपिंग प्वाइंट होंगे, जिनमें कुल 44 बैटरियां उपलब्ध रहेंगी। इससे खासतौर पर इलेक्ट्रिक दोपहिया और व्यवसायिक वाहनों के लिए चार्जिंग समय कम होगा और परिचालन क्षमता बढ़ेगी। इसका संचालन एक बड़ी टू व्हीलर कंपनी कर सकती है। चार्ज कितना लिया जाएगा इसकी कार्ययोजना कंपनी के चयन के बाद की जाएगी। उन्होंने बताया कि कोई भी टू व्हीलर और थ्री व्हीलर जिसके वाहन की बैटरी वीक हो जाए तो यहां आकर स्वेप करवा सकता है। बिना चार्ज बैटरी के वो दूसरी बैटरी ले सकता है। काम पूरा होने के बाद वो दोबारा से अपनी चार्ज बैटरी यहां से सकता है। नोएडा के सेक्टर-6,29, 25ए, 24, 63, 16ए,16, 15, 58, 61 , 15 एमिटी यूनिवर्सिटी है। सेक्टर-63 में दो स्थानों पर बैटरी स्वेपिंग स्टेशन बनाए जाएंगे।

### फजायलपुर से नोएडा सेक्टर-37 तक बस सेवा शुरू

**जेवर।** जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने नववर्ष की पूर्व संध्या पर बुधवार को फजायलपुर गांव से नोएडा के सेक्टर-37 तक जनता बस सेवा का शुभारंभ किया। इस नई सेवा से दर्जनों गांवों के हजारों नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा और आवागमन सुगम होगा। इस अवसर पर क्षेत्र के बुजुर्गों द्वारा हरी झंडी दिखाकर बस सेवा को रवाना किया गया। यह बस सेवा लोगों को जिला मुख्यालय, तहसील, अस्पताल और शिक्षण संस्थानों तक पहुंचने के लिए निजी वाहनों पर निर्भरता कम करेगी। स्कूली बच्चों, कॉलेज छात्रों, नौकरीपेशा लोगों और बुजुर्गों के लिए यह विशेष रूप से उपयोगी होगी। इससे यात्रा सुरक्षित, सुलभ और समयबद्ध होने के साथ-साथ समय और धन की बचत भी होगी। जनता बस सेवा का मार्ग फजायलपुर गांव से शुरू होकर ईकोटेक-द्वितीय, मायंचा, हायर कंपनी, डाबरा, डाढ़ा, नट मढ़ैया, ऐच्छर, परिचौक, जगत फार्म, पेप्सी कंपनी, विकास भवन, सूरजपुर, सेक्टर-82, भंगेल और बरौला से होते हुए नोएडा के सेक्टर-37 तक जाएगा।

### क्योस्क संचालन के लिए दो एजेंसियां आई

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण की ओर से सेक्टर-18 व 38ए में बॉटनिकल गार्डन एवं जीआईपी मॉल के बीच 34 क्योस्क बनाए गए हैं। टेंडर में सेक्टर-18 में क्योस्क का संचालन करने के लिए दो एजेंसी आगे आई है। जबकि, बॉटनिकल गार्डन के सामने एक भी एजेंसी आगे नहीं आई है। प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है कि पर्याप्त संख्या में एजेंसियों के नहीं आने के कारण दोबारा टेंडर जारी किया जा सकता है। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि दोनों जगह क्योस्क का संचालन करने के लिए दूसरी बार टेंडर जारी किया गया था।मानकों के हिसाब से टेंडर में तीन-तीन एजेंसियों का आना जरुरी है। ऐसे में आला अधिकारियों से मंजूरी लेने के बाद दोबारा टेंडर जारी किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि सेक्टर-18 में 15 और सेक्टर-38 में बॉटनिकल गार्डन के सामने 19 क्योस्क बनाए गए हैं। क्योस्क में खानपान व खरीदारी का मौका मिलेगा।

### पहले चरण में 14 हजार बकायेदारों का पंजीकरण

**नोएडा।** विद्युत निगम की एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) का पहला चरण बुधवार को समाप्त हो गया। गुरुवार से दूसरा चरण लागू हो गया है। पहले चरण में 14 हजार बकायेदारों ने पंजीकरण कराया। विद्युत निगम के अधीक्षण अभियंता (वाणिज्यिक) रितेश आनंद ने बताया कि ओटीएस के पहले चरण के अंतिम दिन भी जिले में 24 से अधिक स्थानों पर शिविर लगाए गए। पहले चरण में 14 हजार बकायेदारों ने योजना के तहत पंजीकरण कराया है। इन उपभोक्ताओं ने करीब 30 करोड़ रुपये का राजस्व जमा किया है। वहीं बिजली चोरी के प्रकरण में संलिप्त 1100 उपभोक्ताओं ने साढ़े तीन करोड़ रुपये का राजस्व जमा किया है।बुधवार को लगाए गए शिविरों का उन्होंने टीम के संग निरीक्षण किया और उपभोक्ताओं को योजना के तहत पंजीकरण कराने के लिए प्रोत्साहित किया। आज से शुरू हुआ दूसरा चरण एक जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक चलेगा।

# 202 सोसाइटियों को नोटिस, एसटीपी संचालन पर मांगा जवाब

**ग्रेटर नोएडा में खामी मिलने पर 6 बिल्डरों पर 27 लाख जुर्माना**

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट की बिल्डर सोसाइटियों में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का संचालन न करने वालों पर प्राधिकरण ने कार्रवाई की तैयारी कर ली है। प्राधिकरण के सीवर विभाग ने 202 बिल्डर सोसाइटियों को नोटिस जारी कर एसटीपी के संचालन और शोधित पानी के पुन: उपयोग की जानकारी मांगी है। पिछले दो सप्ताह में 6 बिल्डर सोसाइटियों पर 27 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।



ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एन.जी. रवि कुमार के निर्देश पर एसटीपी के उचित संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है। विभाग ने इन सोसाइटियों से एसटीपी की क्षमता और सुचारु संचालन के साथ-साथ शोधित सीवेज पानी का उपयोग पेड़-पौधों की सिंचाई के लिए करने संबंधी जानकारी मांगी है।

इन सोसाइटियों को एक सप्ताह के भीतर जवाब देने को कहा गया है। संतोषजनक जवाब न मिलने पर सीवर विभाग की टीम मौके पर जाकर मुआयना करती है और नियमानुसार पेनल्टी लगाती है।

प्राधिकरण ने जुर्माने की रकम 7 दिनों के भीतर जमा करने के निर्देश दिए हैं, ऐसा न करने पर आगे की कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ प्रेरणा सिंह ने सभी बिल्डर सोसाइटियों से अपील की है कि वे निकलने वाले सीवर को शोधित करें और इस पानी का इस्तेमाल सिंचाई कार्यों में करें।

**जिन 6 बिल्डर सोसाइटियों पर जुर्माना लगाया गया है:**

1. एडाना सोसाइटी, सेक्टर अल्फा वन – 2 लाख रुपये
2. पंचशील हाइनिश, सेक्टर-एक – 5 लाख रुपये
3. गैलेक्सी नॉर्थ एवेन्यू, सेक्टर-फोर – 5 लाख रुपये
4. फ्लोरा हेरिटेज, सेक्टर-एक – 5 लाख रुपये
5. अरिहंत आर्डन, सेक्टर-एक – 5 लाख रुपये
6. समृद्धि ग्रांड एवेन्यू, टेकजोन-फोर – 5 लाख रुपये

## जेवर में डंपर से टकराई बाइक

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में बुधवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 24 वर्षीय प्लांट सुपरवाइजर अभिनेंद्र यादव की मौत हो गई। हादसा यमुना एक्सप्रेसवे के पास निर्माणाधीन इंटरचेंज के नजदीक एक प्लांट के सामने हुआ। अभिनेंद्र यादव अमेठी जिले के रहने वाले थे और एक निजी कंपनी में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत थे। जानकारी के अनुसार, अभिनेंद्र यादव बुधवार सुबह बाइक से अपनी ड्यूटी पर जा रहे थे। सुबह घना कोहरा होने के कारण दृश्यता बेहद कम थी। इसी दौरान प्लांट से बाहर निकल रहे एक डंपर से उनकी बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि अभिनेंद्र यादव की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही दनकौर पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया और पंचायतनामा भरने की कार्रवाई की गई। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। डंपर चालक से पूछताछ की जाएगी और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। घटना के बाद कुछ देर के लिए मौके पर तनाव की स्थिति बनी रही, जिसे पुलिस ने मौके पर ही संभाल लिया। मृतक के परिजनों को हादसे की सूचना दे दी गई है।

# नोएडा में स्कॉर्पियो की टक्कर से 2 दोस्तों की मौत

**आर्मी पब्लिक स्कूल के पास हुआ हादसा, ड्राइवर फरार**

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-39 थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात एक सड़क हादसे में बाइक सवार दो दोस्तों की मौत हो गई। सेक्टर-37 स्थित आर्मी पब्लिक स्कूल के पास एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो कार ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी थी। गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। यह घटना रात करीब पौने 12 बजे हुई। मृतक रोहन और बसंत अपने मित्र विकास चौहान की जन्मदिन पार्टी से लौट रहे थे। बसंत की बाइक पर सवार होकर वे घर जा रहे थे, तभी पीछे से आ रही स्कॉर्पियो कार ने तेज गति और लापरवाही से टक्कर मार दी।




टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान बिहार के सीतामढ़ी जिले के जानकी गांव निवासी राजकुमार मंडल के बेटे रोहन और नेपाल के दोगा गांव निवासी बसंत खातू के रूप में हुई है। रोहन वर्तमान में नोएडा के निठारी गांव की गली नंबर दो में परिवार के साथ रहते थे, और बसंत उनके पड़ोस में रहता था।

हादसे के बाद आरोपी चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई की। पोस्टमार्टम के बाद दोनों शव स्वजन को सौंप दिए गए। एसीपी प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि मृतक रोहन के पिता राजकुमार मंडल की तहरीर पर अज्ञात स्कॉर्पियो ड्राइवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से आरोपी चालक की पहचान करने का प्रयास कर रही है और उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही है।

# नोएडा में ऑन डिमांड बाइक चोरी करने वाले अरेस्ट

**नोएडा।** नोएडा में ऑन डिमांड मोटरसाइकिल चोरी करने वाले गिरोह के तीन बदमाशों को थाना सेक्टर-113 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से नौ मोटरसाइकिल और एक बाइक के पार्टस बरामद किए गए है।

ये लोग यहां से बाइक चोरी कर बदायूं ले जाते है। वही पर डिमांड आने पर बेच देते है। ये लोग महज 10 से 15 सेकेंड में बाइक चोरी करते है।

### एफएनजी के पास की गिरफ्तारी

डीसीपी यमुना प्रसाद ने बताया कि इनके नाम फूल सिंह उर्फ मोनू, राजेंद्र उर्फ छोटे और राजपाल उर्फ भोला है। इनको नोएडा के सेक्टर-123 एफएनजी सर्विस रोड ग्रीन बेल्ट से गिरफ्तार किया गया।

ये लोग भीड़ भाड़ इलाकों में पहले रैकी करते है। इसके बाद मास्टर चाबी से बाइक खोलकर चोरी करते है। मास्टर चाबी से नहीं खुलने पर लॉक तोड़कर शॉट सर्किट के जरिए बाइक को स्टार्ट कर लेते है।

### कच्ची सड़क से ले जाते हैं बाइक

इसके बाद यहां से ग्रामीण इलाकों या अन्य रास्तों से बाइक बदायूं ले जाते है। मेन रोड और टोल को हमेशा अवॉइड करते है। वहां से जाने पर पकड़े जाने का डर रहता है।

इसलिए टोल के पास कच्ची सड़कों का प्रयोग करते है। इसके बाद बदायूं में बाइक के पार्टस खोलकर या पूरी बाइक ऑन डिमांड बेच देते है। जो पैसा मिलता वो आपस में बांट लेते है।

## दो बच्चों के साथ महिला लापता

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र के सालारपुर गांव से एक महिला अपने दो छोटे बच्चों के साथ लापता हो गई है। महिला के पति ने बुधवार को दनकौर कोतवाली में इसकी शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार, राजस्थान निवासी सतीश पिछले कई वर्षों से सालारपुर गांव में सब्जी बेचने का काम करते हैं। उनकी 25 वर्षीय पत्नी रिंकी और उनके दो छोटे बच्चे भी उनके साथ रहते थे। सतीश ने बताया कि 27 दिसंबर को उनकी पत्नी अचानक दोनों बच्चों को लेकर कहीं चली गईं। उसके बाद से उनका कोई पता नहीं चल पाया है। उन्होंने रिश्तेदारों और आसपास के इलाकों में काफी तलाश की, लेकिन महिला और बच्चों के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी। पत्नी के मोबाइल फोन भी बंद आ रहे हैं, जिससे परिवार में चिंता का माहौल है।

# दनकौर में जलभराव से हाहाकार

**लोगों ने पोस्टर चिपकाया, लिखा- यहां पर नगर पंचायत मछली पालन करती है**

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे में नगर पंचायत की कथित लापरवाही के चलते धनौरी रोड, बाईपास समेत कई मुख्य मार्गों पर कई फीट तक पानी भरा हुआ है। लंबे समय से जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण स्थानीय लोगों का जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो रहा है। समस्या गंभीर होने के बावजूद नगर पंचायत अधिकारियों की अनदेखी से नाराज कस्बेवासियों ने अनोखे तरीके से विरोध दर्ज कराया है।

कस्बे में जगह-जगह बैनर और पोस्टर लगाए गए हैं, जिन पर लिखा है-कृपया धीरे चलें, दनकौर नगर पंचायत यहां मछली पालन करती है। इन पोस्टरों के जरिए लोगों ने नगर पंचायत की कार्यशैली पर तंज कसते हुए अपना आक्रोश जाहिर किया है।




स्थानीय निवासी मनोज नागर, राकेश, अजय समेत अन्य लोगों का कहना है कि मुख्य सड़कों पर पानी भरे होने से आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है। पैदल चलना मुश्किल हो गया है, जिससे स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है। वाहन चालकों को भी जोखिम के बीच पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है।

निवासियों का आरोप है कि लंबे समय से जमा गंदे पानी में जहरीले कीड़े-मकोड़े पनप गए हैं, जिससे मलेरिया, डेंगू और अन्य संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। कई लोग बीमार भी हो चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद नगर पंचायत की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

कस्बेवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही जल निकासी की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो नगर पंचायत के खिलाफ बड़ा आंदोलन किया जाएगा। वहीं, इस मामले में दनकौर नगर पंचायत अध्यक्ष राजवती देवी का कहना है कि पानी निकासी की समस्या के समाधान के लिए काम किया जा रहा है और जल्द ही हालात सामान्य हो जाएंगे।

# प्रोजेक्ट मैनेजर से कार लूटने वाले 2 आरोपी अरेस्ट

**नोएडा में पुलिस ने दबिश देकर पकड़ा, गाड़ी बरामद**

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के थाना कासना पुलिस ने प्रोजेक्ट मैनेजर से कार लूट मामले में दो और फरार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पहले ही मुठभेड़ के बाद दो शातिर बदमाश पकड़े गए थे। इन नई गिरफ्तारियों के साथ, इस लूटकांड में अब तक कुल चार आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आ चुके हैं।



एडीसीपी सुधीर कुमार ने बताया कि 24 दिसंबर को नवीन कुमार नामक व्यक्ति ने थाना कासना में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि गांव चीरसी क्षेत्र में तीन अज्ञात व्यक्तियों ने उनकी स्विफ्ट कार लूट ली थी।

बदमाशों ने कार के साथ-साथ नवीन का पर्स भी छीन लिया था, जिसमें एटीएम कार्ड, वोटर आईडी, पैन कार्ड, आधार कार्ड और लगभग 20 हजार रुपये नकद थे। इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए सोमवार रात को मुठभेड़ के दौरान दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनकी पहचान बुलंदशहर निवासी अमित उर्फ मुत्तू कसाई और हाथरस निवासी शीलेन्द्र के रूप में हुई। मुठभेड़ में घायल हुए दोनों आरोपियों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के कब्जे से लूटी गई स्विफ्ट कार और दो तमंचे बरामद किए गए। पुलिस पूछताछ में इन दोनों ने अपने दो अन्य साथियों के नाम उजागर किए। खुलासे के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मंगलवार को बुलंदशहर के सिकंदराबाद थाना क्षेत्र के गांव सांवली से धर्मेंद्र यादव और अनुराग उर्फ अन्नू को गिरफ्तार कर लिया।

# यमुना प्राधिकरण के खिलाफ किसानों ने चेतावनी दी

**नीतियों से नाराज, समस्याओं के समाधान तक आंदोलन जारी रहेगा**

**जेवर।** यमुना प्राधिकरण की कथित गलत नीतियों और लंबे समय से लंबित समस्याओं को लेकर किसान एकता संघ ने बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है। यह घोषणा बुधवार को ग्रेटर नोएडा के ऊंची दनकौर में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी देशराज नागर के नेतृत्व में आयोजित एक बैठक में की गई, जिसमें सैकड़ों किसानों ने भाग लिया।



बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सोरन प्रधान ने बताया कि यमुना प्राधिकरण क्षेत्र के किसानों और स्थानीय आबादी को विस्थापन तथा निस्तारण से जुड़ी गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि पिछले कई वर्षों से किसान पंचायतों के माध्यम से इन समस्याओं को उठाया जा रहा है, लेकिन प्राधिकरण के अधिकारी केवल आश्वासन देकर मामले को टालते रहे हैं। अब किसान एकता संघ ने आर-पार की लड़ाई लड़ने का फैसला किया है।

संघ ने स्पष्ट किया कि जब तक किसानों की समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं होता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा और किसान पीछे नहीं हटेंगे।

इस बैठक में किसानों ने एकजुट होकर आंदोलन को मजबूत करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर दुर्गेश शर्मा, राजसिंह ठेकेदार, महिपाल अधाना, जेपी नागर, सोबी नागर, दीपू सैनी, राकेश सैनी, गुड्डू एडवोकेट, प्रमोद सैनी, इन्द्रजीत नागर, हरिश सैनी, बबलू सैनी, ललित सैनी, सोनू सैनी, संजय सैनी, करन नागर, अर्जुन सैनी और ओमवीर नागर सहित कई किसान मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक सम्पन्न

## उपकरणों की कमी दूर करने व शत-प्रतिशत टीकाकरण के निर्देश

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक बुधवार देर शाम गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में बाल विकास विभाग के मासिक कार्यों की समीक्षा के साथ जनपद में संचालित पोषण कार्यक्रमों की बिन्दुवार समीक्षा की गई।



बैठक के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विभिन्न योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। इसमें आंगनबाड़ी केंद्रों पर वजन मापने की मशीनों की अनुपलब्धता का मुद्दा प्रमुखता से सामने आया। अधिकारियों ने बताया कि कई केंद्रों पर वजन मशीन, लंबाई मापने के लिए स्टेडियोमीटर एवं शिशुओं के लिए इन्फेंटोमीटर उपलब्ध नहीं हैं, जिससे कार्य प्रभावित हो रहा है। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि ऐसे सभी केंद्रों की सूची तत्काल उपलब्ध कराई जाए, ताकि विभिन्न विभागों के सहयोग से आवश्यक उपकरणों की कमी को शीघ्र पूरा किया जा सके।

बैठक में ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस के दौरान टीकाकरण सत्रों में लाभार्थियों की कम उपस्थिति पर भी चिंता जताई गई। जिलाधिकारी ने इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां ग्राम प्रधानों के सहयोग से गर्भवती महिलाओं और बच्चों को टीकाकरण सत्रों में अनिवार्य रूप से लाना सुनिश्चित करें।

साथ ही जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया गया कि ग्राम प्रधानों को इस कार्य में विशेष सहयोग एवं जागरूकता के लिए प्रेरित किया जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जनपद में कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित नहीं रहना चाहिए और शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए।

### उन्नाव में हत्या के दो आरोपी मुठभेड़ में घायल

उन्नाव। उन्नाव के आसीवन थाना क्षेत्र में 29 दिसंबर को हुई युवक की हत्या के मामले का पुलिस ने 48 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। कुरसठ शराब की दुकान पर काम करने वाले सुधीर (30) की अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में मृतक के पिता की तहरीर पर थाना आसीवन में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। 31 दिसंबर की शाम ऑपरेशन ऑल आउट के तहत आसीवन थाना पुलिस, बांगरमऊ पुलिस, एसओजी और सर्विलांस टीम की संयुक्त टीम बीजीमऊ-सरीफाबाद रोड स्थित पहाड़पुर तिराहे पर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को रोकने का इशारा किया गया। इसी दौरान पीछे बैठे युवक ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी और दोनों मौके से भागने लगे।

# कानपुर मेट्रो ने लौटाए 7 लैपटॉप, 40 मोबाइल

**कानपुर।** कानपुर मेट्रो शहर को तेज़, सुरक्षित और आधुनिक परिवहन सुविधा देने के साथ-साथ मानवीय मूल्यों और ईमानदारी की भी मिसाल कायम कर रही है। उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीएमआरसी) के अंतर्गत संचालित कानपुर मेट्रो ने इस साल यात्रियों के खोए हुए सामान को लौटाकर और बिछड़े बच्चों को उनके परिजनों से मिलाकर सराहनीय कार्य किया है।

हाल ही में, कानपुर सेंट्रल मेट्रो स्टेशन पर एक यात्री गौरव गुप्ता का बैग छूट गया था, जिसमें लैपटॉप सहित महत्वपूर्ण सामान था। मेट्रो स्टाफ की सतर्कता से यह बैग सुरक्षित लौटाया गया।

स्टेशन कंट्रोलर सृष्टि रंजन ने निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए यात्री की पहचान सुनिश्चित की और कुछ ही समय में बैग उन्हें सौंप दिया।

इसी तरह, 28 दिसंबर को एक अन्य यात्री अराज आलम को भी उनका लैपटॉप और मोबाइल फोन सहित बैग सुरक्षित वापस किया गया।

इस साल के आंकड़ों पर नज़र डालें तो अब तक कानपुर मेट्रो स्टाफ द्वारा 7 लैपटॉप, 40 मोबाइल फोन और लगभग 11,960 रुपये नकद सहित 156 अन्य वस्तुएं यात्रियों को लौटाई गई हैं।

इसके साथ ही, मेट्रो परिसर में परिजनों से बिछड़े पांच बच्चों को भी सुरक्षित उनके परिवार से मिलाया गया, जो मेट्रो कर्मियों की संवेदनशीलता को दर्शाता है।

यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने कहा कि यात्रियों का विश्वास और संतुष्टि ही कानपुर मेट्रो की सबसे बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि ईमानदारी और सेवा भाव को प्रशिक्षण का अहम हिस्सा बनाया गया है।

# पीलीभीत में दिनभर छाए रहे बादल, बर्फीली हवा से बढ़ी गलन

**पीलीभीत।** जिले में बुधवार को पूरे दिन आसमान में बादल छाए रहे और सूर्य के दर्शन नहीं हो सके। इसके साथ ही बर्फीली हवाएं चलती रहीं, जिससे मौसम में गलन बनी रही। मौसम विभाग ने नए साल के शुरुआती तीन दिनों तक शीतलहर से राहत न मिलने का पूर्वानुमान जताया है। पिछले कई दिनों से जिले में लगातार कोहरा पड़ रहा है, जिससे धूप नहीं निकल पा रही है। जहां पिछले कई दिनों कोहरे से कुछ राहत मिली, लेकिन आसमान में बादल छा जाने के कारण ठंड का असर कम नहीं हुआ। धूप न निकलने और सर्द हवाओं के चलते लोगों को दिनभर ठिठुरन महसूस करनी पड़ी। राजकीय कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. शैलेंद्र सिंह ढाका ने पंतनगर स्थित कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम विभाग के हवाले से बताया कि मंगलवार को जिले का न्यूनतम तापमान 8.7 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 14.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उनके अनुसार बुधवार और बृहस्पतिवार को भी आसमान में बादल छाए रहने की संभावना है, हालांकि बारिश के आसार नहीं हैं। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक तीन जनवरी तक सर्दी से राहत मिलने की संभावना कम है।

# नाली-रोड निर्माण को लेकर विवाद : चेयरमैन का दो टूक कागज दिखाए मेला कमेटी

## वार्ड चार में सरकारी भूमि पर कार्य का दावा, मोहल्लेवासियों ने किया विरोध

**बरखेड़ा।** जनपद के बरखेड़ा नगर पंचायत के वार्ड नंबर चार में चल रहे आरसीसी रोड और नाली निर्माण कार्य को लेकर विवाद गहरा गया है। मेला कमेटी द्वारा निर्माण स्थल को अपना बताते हुए विरोध किए जाने पर नगर पंचायत चेयरमैन श्याम बिहारी भोजवाल ने स्पष्ट कहा है कि यदि संबंधित भूमि मेला कमेटी की है तो उसके वैध कागजात प्रस्तुत किए जाएं।

नगर पंचायत का दावा है कि जिस स्थान पर सड़क और नाली का निर्माण कराया जा रहा है, वह भूमि नगर पंचायत के अभिलेखों में बंजर दर्ज है। इसी आधार पर शासन से स्वीकृति लेकर विकास कार्य कराया जा रहा है। मोहल्लेवासियों ने भी मेला कमेटी के दावे को खारिज करते हुए कहा कि यह जमीन नगर पंचायत की है और वर्षों से उपेक्षित पड़ी थी। मंगलवार रात सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट वायरल हुई, जिसमें मेला कमेटी की ओर से आरोप लगाया गया कि नगर पंचायत रात के अंधेरे में मेला मैदान पर चोरी-छिपे निर्माण करा रही है। इस पोस्ट के वायरल होते ही कस्बे में हड़कंप मच गया।

वायरल आरोपों के बाद मोहल्लेवासियों ने हाथ उठाकर एकजुट विरोध जताया। उनका कहना है कि वर्षों से वे कच्चे और कीचड़ भरे रास्ते से आने-जाने को मजबूर थे। बरसात के दिनों में रास्ता पूरी तरह बंद हो जाता था, जिससे बच्चों का स्कूल जाना तक बंद हो जाता था और पढ़ाई प्रभावित होती थी। अब जब सरकार द्वारा स्वीकृत सड़क और नाली का निर्माण हो रहा है, तो उसे रोकने का प्रयास किया जा रहा है।

### चेयरमैन बोले मेले के विरोध में नहीं, लेकिन सच सामने आए

नगर पंचायत चेयरमैन श्याम बिहारी भोजवाल ने कहा, यह नगर का प्राचीन मेला है और मैं उसके विरोध में नहीं हूं, लेकिन जिस भूमि पर निर्माण हो रहा है वह नगर पंचायत की बंजर जमीन है। अगर मेला कमेटी का दावा सही है तो वह अपने कागजात सार्वजनिक करे। बिना प्रमाण के सरकारी विकास कार्य को रोकना उचित नहीं है। नगर पंचायत के अनुसार, जब तक कोई ठोस दस्तावेज सामने नहीं आता, तब तक शासन से स्वीकृत सड़क और नाली निर्माण कार्य जारी रहेगा। वहीं, विवाद के चलते क्षेत्र में प्रशासन की नजर भी बनी हुई है।

# 30 साल का दर्द खत्म : मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञों ने रचा कीर्तिमान

**ललितपुर।** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, ललितपुर ने एक ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। प्रधानाचार्य डॉ0 मयंक कुमार शुक्ला जी के कुशल नेतृत्व में मैक्सिलोफेशियल सर्जन डॉ0 दीपिका कुमारी जैन ने निश्चेतना विभागाध्यक्ष डॉ0 कौशल विजलानी एवं डॉ0 चेतन राज के समन्वय से 38 वर्षीय महिला मरीज का सफल ऑपरेशन किया। उक्त मरीज का मुंह विगत 30 वर्षों से पूर्णतः बंद था। जटिल ऑपरेशन को सकुशल बेहोशी में संपन्न कर मरीज को नया जीवनदान दिया गया।



यह जनपद में इस प्रकार की पहली सर्जरी है, जिसने यह सिद्ध कर दिया है कि अब मुंह, चेहरे एवं जबड़े से संबंधित छोटी से लेकर बड़ी सभी बीमारियों का उपचार ललितपुर मेडिकल कॉलेज में संभव है।

नगर के मोहल्ला नेहरू नगर निवासी राजकुमारी, जो पिछले 30 वर्षों से मुंह न खुलने की बीमारी से पीड़ित थीं, को बोलने में अत्यधिक कठिनाई होती थी। वह केवल तरल आहार (लिक्विड डाइट) ही ले पा रही थीं, जिससे उनका वजन लगातार घट रहा था। उन्होंने अनेक चिकित्सकों से संपर्क किया, लेकिन हर बार निराशा ही हाथ लगी और उन्होंने यह मान लिया था कि अब उन्हें जीवन इसी अवस्था में व्यतीत करना होगा।

निराशा के इस दौर में उन्हें तब आशा की किरण दिखाई दी, जब वे स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, ललितपुर पहुँचीं। डॉ0 दीपिका कुमारी जैन ने आवश्यक जांचों के आधार पर बताया कि मरीज का निचला जबड़ा एवं सिर की हड्डी आपस में जुड़ गई है, जिसके कारण मुंह पूर्णतः बंद हो गया है। इस स्थिति को मेडिकल भाषा में टेम्पोरोमैंडिबुलर जॉइंट एंकायलोसिस कहा जाता है। इसके उपचार हेतु ऑपरेशन की सलाह दी गई। निश्चेतना विभाग के डॉ0 चेतन राज एवं विभागाध्यक्ष डॉ0 कौशल विजलानी की सहमति के पश्चात, प्रधानाचार्य के कुशल मार्गदर्शन में डॉ0 दीपिका कुमारी जैन द्वारा सफल सर्जरी की गई।

# संभल में कब्रिस्तान पैमाइश पर हाईकोर्ट ने रोक नहीं लगाई

**संभल।** संभल के विवादित धार्मिक स्थल श्रीहरिहर मंदिर बनाम शाही जामा मस्जिद के निकट 8 बीघा कब्रिस्तान की पैमाइश का मामला इलाहाबाद हाईकोर्ट पहुंचा था। न्यायमूर्ति ने प्रशासन की कार्रवाई पर कोई रोक नहीं लगाई, बल्कि याचिकाकर्ताओं को साक्ष्य राजस्व टीम के समक्ष रखने के निर्देश दिए।

एसडीएम के आदेश पर चार कानूनगो और 22 लेखपालों की टीम ने पैमाइश की थी।

इस दौरान करीब ढाई बीघा भूमि पर अवैध कब्जा पाया गया, जिसमें 22 दुकानें और उनके ऊपर बहुमंजिला मकान बने होने की बात सामने आई थी। बुधवार को संभल प्रशासन की कार्रवाई के खिलाफ 17 लोगों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। अधिवक्ता अरविंद त्रिपाठी और राजीव मिश्रा ने याचिकाकर्ताओं की ओर से दलीलें पेश कीं, जबकि सरकार की ओर से मुख्य स्थाई अधिवक्ता मनोज कुमार सिंह और मनोज कुमार मिश्रा मौजूद रहे।

न्यायमूर्ति अभिषेक मिश्रा और सत्यवीर सिंह ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद प्रशासन द्वारा 30 दिसंबर को हुई पैमाइश की कार्रवाई पर रोक लगाने से इनकार कर दिया।

# आजमगढ़ में युवती की गला दबाकर हत्या का प्रयास

**आजमगढ़।** आजमगढ़ जिले के रानी की सराय थाना क्षेत्र में यूपी के साथ छेड़छाड़ और हत्या के प्रयास करने के आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

इस मामले में परिजनों की शिकायत पर रानी की सराय थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस को दिए शिकायती पत्र में पीड़िता के परिजनों ने आरोप लगाया था कि जब पीड़िता कोचिंग से घर लौट रही थी तो युवक ने रास्ते में रोक कर अपहरण करने के प्रयास के साथ छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दिया था और विरोध करने पर जान से मारने की नीयत से गला दबाकर पानी में डुबोने का प्रयास किया था। वही इस बारे में स्थानीय लोगों ने बताया कि लड़की से ब्रेकअप होने के बाद आरोपी दुखी था। इसी कारण इस घटना को अंजाम दिया। इस मामले में परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। इसी क्रम में घटना में शामिल आरोपी ज्ञानेंद्र पाठक जो कि शहर कोतवाली के पटखौली गांव का रहने वाला है।

# महिलाओं-बालिकाओं को हेल्प लाइन नंबरों की दी जानकारी

**ललितपुर** । माननीय मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार की महत्वकांक्षी योजना मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के अन्तर्गत नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के प्रति जनपद ललितपुर में महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज- 5.0 अभियान के अन्तर्गत जनपद के थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र एवं एंटी रोमियो टीम द्वारा बस अड्डों, बाजारों, पार्कों, स्कूलों व गाँव-गाँव आदि जगहों पर जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता, यौन उत्पीड़न से बचाव व उसके खिलाफ आवाज उठाने, साइबर अपराध से बचाव के तरीके, महिलाओं व किशोरियों के कानूनी अधिकार व हेल्प लाइन से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की । विशेष रूप से यह स्पष्ट किया गया कि साइबर अपराधी डर और लालच का सहारा लेते हैं, ऐसे में किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक या ओटीपी साझा न करने की सख्त हिदायत दी गई। मिशन शक्ति टीम द्वारा आपात सहायता हेतु हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए उनके त्वरित उपयोग के लिए प्रेरित किया गया।112 आपातकालीन सेवा 1090 / 1091 - महिला सुरक्षा हेल्पलाइन 181 महिला हेल्पलाइन 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन टीम ने उपस्थित जनसमूह को यह भरोसा दिलाया कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न या साइबर ठगी की सूचना तुरंत देने पर पुलिस पूरी गंभीरता से कार्रवाई करेगी। नारी की सुरक्षा केवल जिम्मेदारी नहीं, ललितपुर पुलिस का संकल्प है।



# साइबर अपराध रोकथाम के लिए चला जागरूकता अभियान

**ललितपुर।** जाखौरा पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, जनपद ललितपुर के साइबर क्राइम सेल, थाना जखौरा पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम करमुहारा स्थित राजकीय जूनियर हाई स्कूल में छात्र-छात्राओं को साइबर क्राइम के प्रति जागरुक किया गया तथा साइबर क्राइम से बचाव हेतु उपाय बताया गया । जागरुकता कार्यक्रम के दौरान साइबर बुलिंग, स्टॉकिंग, फिसिंग, स्लेबरी, आईडेन्टिटी थेफ्ट आदि के विषय में विस्तृत रुप से जानकारी दी गई तथा साइबर अपराध से बचाव के सम्बंध में निम्न जानकारियाँ दी गई। डीप फेक, एआई, डिजिटल अरेस्ट आदि के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया गया । किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें तथा प्लेस्टोर/आईओएस से जेनुइन ऐप ही डाउनलोड करें, इनके अतिरिक्त किसी अन्य प्लेटफॉर्म से कोई ऐप डाउनलोड न करें ।किसी अनजान व्यक्ति से अपनी बैंकिंग सम्बंधी कोई भी डिटेल शेयर न करें तथा ओटीपी आदि मांगने पर न दें ।सोशल मीडिया का प्रयोग करते समय सावधानियां बरते ।किसी भी पोस्ट की सच्चाई जाने बिना उसे शेयर न करें, अनजान लोगो की फ्रैन्ड रिक्वेस्ट आने पर उसे एक्सेप्ट न करें तथा सिक्योरिटी फीचर हमेशा ऑन रखें ।कॉल पर किसी भी व्यक्ति द्वारा दिए गए ऑफर, लालच या धमकी पर विश्वास न करें ।



सभी प्रकार के इलेक्ट्रानिक उपकरण, सभी डिजिटल अकाउंट का स्ट्रांग पासवर्ड बनाएं तथा टू-स्टेप ऑथेंटिकेशन की सेटिंग अनिवार्य रुप से ऑन रखें ।साइबर फ्राड होने पर तत्काल अपनी शिकायत साइबर हेल्प लाइन नं0 1930, NCCRP पोर्टल पर शिकायत रजिस्टर्ड करने या www.cybercrime.gov.in पर अपनी शिकायत रजिस्टर्ड करायें अथवा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर अपने निकटतम थाने या डायल-112 पर सूचना दें, जिससे कि वित्तीय धोखाधड़ी होने पर साइबर क्राइम के गोल्डन ऑवर में सम्बं।

# डेथ-सर्टिफिकेट की रसीद लेने गए चाचा-भतीजे की मौत

**कानपुर।** चकेरी थाना क्षेत्र में बुधवार को रामादेवी-नौबस्ता फ्लाईओवर पर गुरु हरराय स्कूल के सामने तेज रफ्तार वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। घटना में बाइक में सवार चाचा भतीजे की मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना बिधनू के गढ़ेवा, मंझावन निवासी रघुराज सिंह (50) अपने भतीजे हिम्मत सिंह (27) के साथ सुबह 9 बजे ड्योढ़ी घाट मृतक पिता हीरालाल का मृत्यु प्रमाण पत्र लेने निकले थे। वहां से वापस घर लौट रहे थे। इस दौरान रामादेवी से नौबस्ता फ्लाईओवर पर गुरु हर राय स्कूल के सामने तेज रफ्तार वाहन ने पीछे से टक्कर मार दिया।

जिससे चाचा भतीजे की मौके पर मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

हिम्मत सिंह के परिवार में पत्नी प्रेमलता (24) बेटी काव्य (2) व बाबू ( 9 माह) है। हिम्मत कार ड्राइविंग करते थे। रघुराज यादव के परिवार पत्नी अनिता (45), बेटा (24) के साथ रहते थे। रघुराज किसानी करते हैं। घटना के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

## शार्ट न्यूज

### नव वर्ष की पूर्व संध्या पर जिलाधिकारी ने जनपदवासियों को दी शुभकामनाएं



**ललितपुर।** नव वर्ष की पूर्व संध्या पर जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने जनपद के समस्त नागरिकों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं एवं मंगल कामनाएं प्रेषित की हैं।जिलाधिकारी ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि ''वर्ष का यह संध्याकाल आत्मचिन्तन, अनुभवों से सीख लेने तथा नये संकल्पों के साथ आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करता है। बीते वर्ष में जनपद में अनेक चुनौतियों के बावजूद प्रशासन और जन सहयोग से विकास के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। उन्होंने कहा है कि आगामी वर्ष में जिला प्रशासन शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, रोजगार सृजन, सामाजिक कल्याण एवं कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य करता रहेगा, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचे, इसी संकल्प के साथ जिला प्रशासन संकल्पित होकर कार्य करेगा। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से आपसी सौहार्द, सामाजिक समरसता एवं अनुशासन बनाये रखते हुए जनपद की विकास यात्रा में सहभागी बनने की अपील की।

### पुलिस का पहरा : शहर में निकाला गया फ्लैग मार्च, एसपी ने जिलेवासियों से की ये अपील



**ललितपुर।** नव वर्ष के अवसर पर भीड़-भाड़ वाले इलाकों में पर्याप्त पुलिस प्रबंध किया गया है तथा रात्रि गश्त भी बढ़ाई गयी है ।स्टंटबाजी या शराब पीकर सरारती व्यक्ति बदमाशी करते हैं उनके खिलाफ भी टीमों को सचेत किया गया है, चेकिंग अभियान के माध्यम से ऐसे लोगों पर कार्रवाई की जा रही है ।01 जनवरी को लेकर जनपद में धार्मिक स्थानों/भीड़ वाले स्थान/डैम आदि जगहों पर ड्यूटियाँ लगाई गई हैं तथा अतिरिक्त त्त्क्र्ञ भी लगाई गई है । महिला फोर्स का भी डिप्लॉयमेंट किया गया है, उनके माध्यम से भी भीड़-भाड़ वाले इलाकों में चेकिंग की जा रही है तथा एलआईयू को भी सादे वस्त्रों में निगरानी हेतु लगाया गया है तथा सोशल मीडिया के माध्याम से भी लगातार निगरानी रखी जा रही है ।अन्त में पुलिस अधीक्षक, ललितपुर मो0 मुश्ताक द्वारा सभी लोगों को नये साल की शुभकामनाएं दी गई तथा यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया ।

### चाकू से हमला, तीन घायल

**बलरामपुर।** बलरामपुर के कोतवाली उतरौला क्षेत्र के ग्राम बनगवा (नई बस्ती) में आपसी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। इस दौरान चाकू से हमला कर तीन लोगों को घायल कर दिया गया। पीड़ितों की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। ग्राम बनगवा निवासी अहमद रजा पुत्र अब्दुल्ला ने कोतवाली उतरौला में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि मंगलवार रात करीब 11: 45 बजे गांव के आरिफ पुत्र सिराज अहमद और आसिफ पुत्र हसरत अली, रिजवान पुत्र अब्दुल कादिर तथा उसकी बहन कमरूननिशा पत्नी सफात के साथ गाली-गलौज और मारपीट कर रहे थे। विवाद बढ़ता देख जब अहमद रजा बीच-बचाव करने पहुंचे, तो आरोपियों ने उन पर भी हमला कर दिया। आरोप है कि आरिफ हाथ में चाकू लेकर मौके पर पहुंचा और आसिफ के उकसाने पर रिजवान, उसकी बहन कमरूननिशा और अहमद रजा पर हमला कर दिया। इस हमले में अहमद रजा घायल हो गए, जबकि रिजवान और कमरूननिशा को भी चोटें आईं। शोर सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक आरोपी वहां से फरार हो चुके थे।

### देवरिया में युवक पर चाकू से हमला

**देवरिया।** देवरिया के बरियारपुर थाना क्षेत्र में बुधवार देर शाम एक युवक पर चाकू से हमला किया गया। घटैलाचेती गांव निवासी 24 वर्षीय शैलेश पुत्र रामकेश अपनी बाइक से घर लौट रहा था, तभी अज्ञात हमलावरों ने उसे रोककर गर्दन पर चाकू से वार कर दिया। इस हमले में शैलेश गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, शैलेश बाजार से घर लौट रहा था। घटैलाचेती गांव के पास पहुंचने पर कुछ युवकों ने उसे घेर लिया। हमलावरों ने अचानक उसकी गर्दन पर चाकू से हमला किया, जिससे वह लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़ा। हमलावर वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घायल शैलेश को तत्काल देवरिया मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। चिकित्सकों ने बताया कि शैलेश की हालत गंभीर है और उसका इलाज चल रहा है। गर्दन में गहरी चोट के कारण उसे डॉक्टरों की गहन निगरानी में रखा गया है। घटना की जानकारी मिलने पर शैलेश के परिजन भी मेडिकल कॉलेज पहुंचे। उन्होंने हमलावरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जानकारी ली और अस्पताल पहुंचकर घायल शैलेश का बयान दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू की।

### कपड़े की दुकान में लूट के दो आरोपी

**सोरांव।** प्रयागराज के नवाबगंज थाना पुलिस ने कपड़े की दुकान में हुई लूट की घटना का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से दो तमंचे, दो जिंदा कारतूस, लूटे गए 30,980 रुपये और एक पल्सर मोटरसाइकिल बरामद की गई है। यह घटना 27 दिसंबर, 2025 को लालगोपाल गंज स्थित एक कपड़े की दुकान में हुई थी। उस दिन तीन अज्ञात बदमाशों ने दुकान में घुसकर लूटपाट की थी। इस संबंध में नवाबगंज थाने में मु0अ0सं0 566/2025 धारा 309(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त और पुलिस उपायुक्त गंगानगर के निर्देश पर चलाए गए अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अपर पुलिस उपायुक्त गंगानगर और सहायक पुलिस आयुक्त सोरांव के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक नवाबगंज अपनी टीम के साथ जांच में जुटे थे। टीम में उपनिरीक्षक सौरभ पाण्डेय, अनुराग शर्मा, इंद्रजीत सिंह, देवभूषण पाण्डेय, हेड कांस्टेबल अतींद्र शुक्ला, अनिल कुमार और कांस्टेबल लोकेन्द्र चौधरी, अभिजीत शुक्ला शामिल थे। पुलिस टीम ने श्रृंग्वेरपुर कौशांबी हाईवे सर्विस रोड पर पटना उपरहार गांव से लगभग सुबह 4: 25 बजे दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया।

### सांप काटने के मामले में महिला की मौत

**बागपत।** गुर्जर महासभा के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी कार्यालय में शिकायत पत्र सौंपा, जिसमें जिला अस्पताल में इलाज में कथित गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया गया है। पदाधिकारियों के अनुसार, 4 नवंबर 2025 को सुंदर उर्फ वर्षा पत्नी प्रदीप धाम को सांप काटने के बाद गंभीर हालत में जिला अस्पताल बागपत में भर्ती कराया गया था। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि अस्पताल में भर्ती होने के बावजूद पीड़िता को समय पर समुचित इलाज उपलब्ध नहीं कराया गया। चिकित्सकों ने मामले की गंभीरता की अनदेखी की और आवश्यक दवाइयों व उपचार में लापरवाही बरती गई। परिणामस्वरूप, महिला की मौत हो गई। गुर्जर महासभा के पदाधिकारियों ने कहा कि जिला अस्पताल जैसे महत्वपूर्ण स्वास्थ्य संस्थान में इस तरह की लापरवाही आम जनता के लिए चिंता का विषय है और सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है। उन्होंने मांग की कि घटना की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच कराई जाए तथा उस समय ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों और संबंधित स्टाफ के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिला तो संगठन आंदोलन करने को मजबूर होगा। अधिकारियों ने शिकायत पत्र स्वीकार करते हुए मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। यह घटना क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और अस्पतालों में जिम्मेदारी के प्रति जनता की संवेदनशीलता को उजागर करती है।

## संक्षिप्त समाचार

### नेपाल : जेन–जी प्रदर्शनों पर पूर्व गृह मंत्री जांच पैनल के समक्ष पेश

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल के पूर्व गृह मंत्री रमेश लेखक सोमवार को उच्च स्तरीय जांच आयोग के समक्ष पेश हुए। उन पर जेन–जी आंदोलनों के दौरान सुरक्षाबलों को अत्यधिक बल प्रयोग की अनुमति देने का आरोप है। गौरी बहादुर कार्की की अध्यक्षता वाला यह आयोग 8 और 9 सितंबर को हुई हिंसक घटनाओं की जांच कर रहा है। इन प्रदर्शनों में भ्रष्टाचार और कुशासन के खिलाफ सड़कों पर उतरे 77 लोगों की मौत हुई थी। अगले हफ्ते पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली से भी पूछताछ होने की उम्मीद है।

### भारत से संबंधों में टैरिफ की वजह से तनाव : अमेरिकी सांसद

**वाशिंगटन, एजेंसी।** भारतीय मूल के अमेरिकी सांसद श्री थानेदार ने भारत और अमेरिका के वर्तमान संबंधों को थोड़ा तनावपूर्ण बताया है। निजी यात्रा पर कर्नाटक आए थानेदार ने कहा कि अमेरिका के जरिये लगाए गए भारी टैरिफ से व्यापारिक रिश्तों पर बुरा असर पड़ रहा है। उन्होंने दोनों देशों के बीच अधिक दोस्ती और भरोसे की जरूरत पर जोर दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में भारतीय सामानों पर टैरिफ बढ़ाकर 50 फीसदी कर दिया था।

### इंडोनेशिया : नाव डूबने से लापता फुटबाल कोच की तलाश तेज

**जकार्ता, एजेंसी।** इंडोनेशिया में तीन दिन पहले डूबी नाव के मलबे से बचाव दल ने एक लड़की का शव बरामद किया है। माना जा रहा है कि यह स्पेनिश फुटबॉल कोच फर्नांडो मार्टिन की लापता बेटी का शव है। सोमवार तड़के सेराई द्वीप के पास एक स्थानीय निवासी ने शव तैरता देखा। उसे पहचान के लिए लाबुआन बाजो के अस्पताल भेजा गया है। गौरतलब है कि, वेलेंसिया सीएफ विमेंस बी के कोच मार्टिन का परिवार कोमोडो नेशनल पार्क की यात्रा पर था। शुक्रवार शाम इंजन फेल होने के कारण उनकी नाव डूब गई थी। हादसे के बाद मार्टिन की पत्नी एंड्रिया, एक बेटी और चालक दल के सदस्यों को बचा लिया गया था।

### तुर्किये में आईएस से मुठभेड़ में छह आतंकी ढेर

**अंकारा, एजेंसी।** तुर्किये के गृह मंत्री अली येरलिकाया ने बताया कि उत्तर–पश्चिमी हिस्से में हुई एक मुठभेड़ में इस्लामिक स्टेट (आईएस) के छह आतंकियों और पुलिस के तीन अधिकारियों की मौत हो गई। यह मुठभेड़ सोमवार को इस्तांबुल के दक्षिण में यालोवा प्रांत में एक घर में छिपे आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई के दौरान हुई। येरलिकाया ने कहा, मुठभेड़ में पुलिस के आठ अन्य अधिकारी और एक गार्ड घायल हो गए हैं। गृह मंत्री के मुताबिक, यालोवा में चलाया गया अभियान देश भर के 15 प्रांतों में आईएस संदिग्धों के खिलाफ हुई 100 से अधिक कार्रवाईयों में से एक था। घर पर चलाए गए अभियान में सावधानी बरती गई, क्योंकि वहां महिलाएं और बच्चे मौजूद थे। सभी 5 महिलाओं व 6 बच्चों को सुरक्षित निकाल लिया गया। बताया गया कि सभी आतंकवादी तुर्किये के नागरिक थे। इस बीच, न्याय मंत्री यिलमाज टुनक ने कहा, पांच लोगों को हिरासत में लिया गया है। इस बीच, झड़प सड़कों पर फैलने के कारण इलाके के पांच स्कूल दिन भर के लिए बंद कर दिए गए। क्षेत्र में प्राकृतिक गैस और बिजली की आपूर्ति भी काट दी गई, जबकि नागरिकों और वाहनों को इलाके में प्रवेश करने से रोक दिया गया। बता दें कि तुर्किये जम्मू–कश्मीर में पाकिस्तानी आतंक का पक्ष लेता रहा है।

### अर्जेंटीना के राजदूत ने भारत के रुख की सराहना की

**ब्यूनस आयर्स, एजेंसी।** अर्जेंटीना ने माल्विनास (फॉकलैंड द्वीप) पर अपने लंबे समय से चले आ रहे दावे को दोहराते हुए उपनिवेशवाद के खिलाफ भारत की ऐतिहासिक भूमिका की सराहना की है। इसके साथ ही भारत में अर्जेंटीना के राजदूत मारियानो कॉसिनो ने सोमवार को भारत की संयुक्त राष्ट्र (यूएन) सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता की मांग को भी जायज बताया। कॉसिनो ने कहा कि ये द्वीप 1816 में स्पेन की आजादी के बाद अर्जेंटीना को विरासत में मिले थे, लेकिन 1833 में ब्रिटेन ने इन पर अवैध कब्जा कर लिया। उन्होंने कहा कि अर्जेंटीना इस मुद्दे को लगातार अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाता रहा है। उन्होंने बताया कि 1950–60 के दशक में संयुक्त राष्ट्र में उसे इस मामले में मिला भारत का समर्थन बेहद अहम रहा, क्योंकि उस वक्त भारत एशिया, अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका के कुछ हिस्सों में उपनिवेशवाद के खिलाफ की एक बड़ी आवाज बनकर उभरा था। इस वर्ष इस विवाद पर शांतिपूर्ण समाधान के आह्वान वाली संयुक्त राष्ट्र महासभा की पहली चर्चा के 60 साल पूरे हो रहे हैं।

# कभी गृहिणी थीं खालिदा जिया, पति की हत्या के बाद बनीं 'आयरन लेडी'



**ढाका, एजेंसी।** 30 दिसंबर 2025 की सुबह बांग्लादेश के लिए एक युग का अंत लेकर आई। देश की पहली महिला प्रधानमंत्री और तीन बार सत्ता संभालने वाली बेगम खालिदा जिया का 80 वर्ष की आयु में ढाका के एवरकेयर अस्पताल में निधन हो गया। लंबी बीमारी से जूझते हुए उन्होंने सुबह करीब 6 बजे अंतिम सांस ली। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की अध्यक्ष और लाखों समर्थकों की 'देशमाता' के रूप में जानी जाने वाली खालिदा जिया का जाना न केवल एक राजनीतिक नेता का अवसान है, बल्कि बांग्लादेश की लोकतांत्रिक यात्रा के एक महत्वपूर्ण अध्याय का समापन भी है।

राजनीतिक जीवन की शुरुआतः विधवा से नेता तक


बांग्लादेश की राजनीति में दो महिलाओं का लंबा द्वंद्व रहा है- एक तरफ शेख हसीना, दूसरी तरफ बेगम खालिदा जिया। जहां हसीना को 'बंगबंधु की बेटी' कहा जाता है, वहीं खालिदा जिया को आयरन लेडी' या 'डेमोक्रेसी की मां' के रूप में जाना जाता है। खालिदा जिया का जन्म 15 अगस्त 1945 को जलपाईगुड़ी (तत्कालीन अविभाजित बंगाल, अब भारत) में हुआ था। उनका परिवार बाद में दिनाजपुर (बांग्लादेश) में बस गया। 1959 में मात्र 15 साल की उम्र में उन्होंने पाकिस्तानी सेना के कैप्टन जियाउर रहमान से शादी की। जियाउर रहमान बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के नायक बने और 1977 में राष्ट्रपति बने। खालिदा तब तक घरेलू जीवन जी रही थीं, दो बेटों- तारिक और अराफात रहमान (कोको) की परवरिश कर रही थीं। लेकिन 30 मई 1981 को चटगांव में सैन्य तख्तापलट की कोशिश में जियाउर रहमान की हत्या हो गई। इस सदमे ने खालिदा को राजनीति में धकेल दिया। पति की मौत के बाद बीएनपी बिखरने की कगार पर थी। पार्टी कार्यकर्ताओं के आग्रह पर खालिदा ने 1982 में पार्टी की सदस्यता ली और 1984 में अध्यक्ष बन गईं। उन्होंने तत्कालीन सैन्य शासक हुसैन मुहम्मद एर्शाद के खिलाफ लोकतंत्र बहाली आंदोलन का नेतृत्व किया। उन्होंने एर्शाद की तानाशाही के खिलाफ लंबा आंदोलन चलाया, कई बार हाउस अरेस्ट झेलीं। 1990 में एर्शाद का पतन हुआ और 1991 के चुनाव में बीएनपी की जीत से खालिदा बांग्लादेश की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं। उनका पहला कार्यकाल आर्थिक सुधारों, निर्यात बढ़ाने और केयरटेकर गवर्नमेंट सिस्टम लागू करने के लिए याद किया जाता है। 2001 में फिर सत्ता में लौटीं, लेकिन भ्रष्टाचार के आरोप और इस्लामी कट्टरपंथियों पर कार्रवाई के विवाद भी उनके कार्यकाल की छाया रहे।

**हसीना के साथ दुश्मनी और जेल की सलाखें :** बांग्लादेश की राजनीति पिछले तीन दशकों से दो महिलाओं - खालिदा जिया और शेख हसीना के इर्द-गिर्द घूमती रही। दोनों के पति और पिता की हत्याएं और परिवारों की राजनीतिक विरासत ने इस दुश्मनी को गहरा किया। खालिदा और शेख हसीना के बीच का द्वंद्व 'बैटल ऑफ द बेगम्स' कहलाता है। दोनों ने मिलकर एर्शाद को गिराया, लेकिन बाद में कट्टर प्रतिद्वंद्वी बन गईं। 2008 के बाद हसीना की सरकार में खालिदा पर भ्रष्टाचार के कई मामले चले। 2018 में उन्हें जेल हुई, लेकिन स्वास्थ्य कारणों से रिहा कर घर में नजरबंद रखा गया। 2024 में छात्र आंदोलन से हसीना के सत्ता से बेदखल होने के बाद खालिदा को पूर्ण रिहाई मिली और सभी मामले खत्म हो गए। अंतरिम सरकार ने उन्हें वीवीआईपी सुरक्षा दी। लेकिन स्वास्थ्य ने साथ नहीं दिया। नवंबर 2025 से वे गंभीर बीमारियों (लीवर सिरोसिस, किडनी फेलियर, डायबिटीज, हृदय और फेफड़ों की समस्या) से जूझ रही थीं। वेंटिलेटर पर रहीं, डायलिसिस चली, लेकिन अंततः शरीर ने जवाब दे दिया।

**तारिक रहमान की वापसी और बीएनपी का भविष्य :** खालिदा की मौत से ठीक पांच दिन पहले, 25 दिसंबर को उनके बड़े बेटे तारिक रहमान 17 साल के लंदन निर्वासन से वापस लौटे। राजनीतिक उत्पीड़न के आरोपों में फंसे तारिक 2008 से बाहर थे और लंदन से ही बीएनपी चला रहे थे। हसीना के जाने के बाद सभी मामले खत्म होने पर वे ढाका लौटे। लाखों समर्थकों ने उनका स्वागत किया। वे अपनी बीमार मां से अस्पताल में मिले और पार्टी की कमान संभाली।

फरवरी 2026 में होने वाले चुनाव में बीएनपी मजबूत दावेदार है। तारिक रहमान को अगला प्रधानमंत्री उम्मीदवार माना जा रहा है। उनकी वापसी ने पार्टी में नई ऊर्जा भरी है। लेकिन चुनौतियां कम नहीं- देश में अस्थिरता, हिंसा और आर्थिक संकट बरकरार है।

# फरवरी में चुनाव के लिए बांग्लादेश तैयार : यूनूस



**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस ने स्पष्ट किया है कि देश फरवरी में होने वाले संसदीय चुनावों और जनमत संग्रह के लिए पूरी तरह तैयार है। सोमवार को अमेरिकी चार्ज डी अफेयर्स ट्रेसी एन जैकबसन ने अपनी विदाई मुलाकात के दौरान प्रोफेसर यूनुस से भेंट की। दोनों के बीच द्विपक्षीय संबंधों और चुनावी तैयारियों पर विस्तृत चर्चा हुई।

प्रोफेसर यूनुस ने आश्वासन दिया कि चुनाव निष्पक्ष और शांतिपूर्ण होंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि मतदान में बाधा डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जैकबसन ने अंतरिम सरकार की ओर से किए गए श्रम सुधारों की सराहना करते हुए उन्हें असाधारण बताया और कहा कि इससे विदेशी निवेश बढ़ेगा। बैठक में रोहिंग्या शरणार्थियों की सहायता और व्यापार पर भी चर्चा हुई। यूनुस ने जैकबसन को उनके कार्यकाल के लिए बांग्लादेश का मित्र बताते हुए धन्यवाद दिया। हालांकि, यह चुनावी घोषणा ऐसे समय में हुई है, जब बांग्लादेश आंतरिक अशांति और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा जैसी गंभीर चुनौतियों से जूझ रहा है।

## उत्तर कोरिया ने फिर दिखाया हथियारों का दम, लंबी दूरी की क्रूज मिसाइल का किया परीक्षण

**सियोल, एजेंसी।** उत्तर कोरिया ने एक बार फिर अपनी सैन्य ताकत का प्रदर्शन किया है। इसके तहत उत्तर कोरिया ने समुद्र में लंबी दूरी की रणनीतिक क्रूज मिसाइलों का परीक्षण किया है। यह परीक्षण देश की परमाणु ताकत को परखने के लिए किया गया। यह कदम ऐसे समय उठा है, जब उत्तर कोरिया अपनी पहली परमाणु पनडुब्बी के निर्माण में तेजी दिखा रहा है, जिससे कोरियाई प्रायद्वीप में तनाव बढ़ गया है। उत्तर कोरिया की सरकारी समाचार एजेंसी केसीएनए के अनुसार, ये मिसाइल परीक्षण रविवार को देश के पश्चिमी तट के पास किए गए। जब ये परीक्षण किया गया तब वहां खुद उत्तर कोरिया के नेता नेता किम जोंग उन मौजूद थे। उन्होंने इस परीक्षण को लेकर कहा कि देश की परमाणु ताकत की विश्वसनीयता को जांचना और अपनी सैन्य क्षमता दिखाना।

# पंजाब दौरे के दौरान केपीके सीएम ने उठाए सवाल

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा (केपीके) के मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी ने पंजाब सरकार के रवैये पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब दौरे के दौरान उनके और उनके मंत्रियों के साथ गलत और निंदनीय व्यवहार किया गया। सोमवार को हुई केपीके कैबिनेट बैठक में पंजाब सरकार के व्यवहार को अलोकतांत्रिक, अनैतिक और निंदनीय बताया गया। मुख्यमंत्री अफरीदी का आरोप है कि दौरे के दौरान उनके कैबिनेट सदस्यों के साथ मारपीट और बदसलूकी की गई।

उन्होंने कहा कि उनकी यात्रा के दौरान बार-बार रास्ते रोके गए, बाजार जबरन बंद कराए गए, मोटरवे के विश्राम स्थल बंद कर दिए गए और यहां तक कि मजार-ए-इकबाल में लाइटें भी बंद कर दी गईं। अफरीदी ने कहा कि जब देश आर्थिक और राजनीतिक अस्थिरता से गुजर रहा है, ऐसे समय में इस तरह का व्यवहार बेहद चिंताजनक और समझ से परे है। बता दें कि अफरीदी समेत पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के वरिष्ठ नेता पंजाब में पार्टी संस्थापक इमरान खान की रिहाई के लिए आंदोलन शुरू करने पहुंचे थे। इमरान खान अगस्त 2023 से भ्रष्टाचार के कई मामलों में जेल में बंद हैं।

**इस्राइल में मिले 2000 वर्ष पुराने मंदिर काल के अवशेष :यरूशलम , एजेंसी।** यरूशलम के पुराने शहर में पश्चिमी दीवार प्लाजा के नीचे पुरातात्विक खोदाई में एक मिकवेह (स्नानघर) के अवशेष मिले हैं। ये अवशेष 2000 वर्ष पुराने हैं और द्वितीय मंदिर काल के हैं। उस समय इनका इस्तेमाल क्षेत्र में रहने वाले यहूदियों और मंदिर में आने-जाने वाले तीर्थयात्री करते थे।

# ट्रंप-नेतन्याहू की बैठक में वेस्ट बैंक पर हुई

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इस्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के बीच फ्लोरिडा में गाजा शांति योजना को लेकर मुलाकात हुई। यह मुलाकात ट्रंप के निजी आवास मार ए लागो में हुई, जहां दोनों नेताओं ने दोपहर का भोजन किया। बैठक से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि वह गाजा, वेस्ट बैंक और ईरान सहित पांच प्रमुख मुद्दों पर बात करने की योजना बना रहे हैं।



**वेस्ट बैंक समेत इन मुद्दों पर हुई बात :** ट्रंप और नेतन्याहू ने गाजा शांति योजना के दूसरे चरण, हमास के निरस्त्रीकरण, वेस्ट बैंक पर भी बात की। ट्रंप ने कहा कि कई मुद्दों पर उनके और नेतन्याहू के बीच सहमति नहीं है,लेकिन दोनों की बातचीत जारी है। ट्रंप ने कहा, 'हमने वेस्ट बैंक पर लंबे समय तक बड़ी चर्चा की है, और मैं यह नहीं कहूंगा कि हम वेस्ट बैंक पर 100% सहमत हैं, लेकिन हम वेस्ट बैंक पर किसी नतीजे पर जरूर पहुंचेंगे।' उन्होंने कहा, 'इस्राइल जो कुछ भी कर रहा है, उसके बारे में मुझे कोई चिंता नहीं है। मुझे इस बात की चिंता है कि दूसरे लोग क्या कर रहे हैं या शायद नहीं कर रहे हैं। नेतन्याहू ने बातचीत को बहुत ही फलदायी बताया और क्षेत्र में ट्रंप की भूमिका की प्रशंसा की। नेतन्याहू ने कहा, 'मेरी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ बहुत, बहुत अच्छी बैठक हुई। आपके समर्थन के लिए धन्यवाद।' उन्होंने आगे कहा कि 'ट्रंप ने मध्य पूर्व में उल्लेखनीय चीजें हासिल की हैं क्योंकि हम एक साथ काम करते हैं। कभी-कभी हमारे विचार अलग होते हैं, लेकिन हम इसे सुलझा लेते हैं, और ज्यादातर समय, हम एक-दूसरे से सहमत होते हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान को धमकी देते हुए कहा कि अगर ईरान अपने बैलिस्टिक मिसाइल या परमाणु हथियार कार्यक्रम का पुनर्निर्माण फिर से शुरू करता है तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे। नेतन्याहू के साथ बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए ट्रंप ने संकेत दिए कि जून में अमेरिका के ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमले के बाद तेहरान फिर से अपने परमाणु हथियार कार्यक्रम को शुरू करने पर काम कर रहा है। ट्रंप ने कहा, मुझे पता लगा है कि ईरान फिर से निर्माण शुरू कर रहा है। अगर ऐसा है तो हम उन पर फिर से हमला करेंगे और उन्हें नेस्तानाबूद करेंगे, लेकिन उम्मीद करते हैं कि ऐसा न हो।

# यूएन को अमेरिका से 2 अरब डॉलर की मदद

**वाशिंगटन, एजेंसी।** ट्रंप प्रशासन द्वारा अमेरिकी विदेशी सहायता में लगातार कटौती किए जाने के बीच सोमवार को संयुक्त राष्ट्र के मानवीय सहायता कार्यक्रमों के लिए दो अरब डॉलर देने की घोषणा की। यह घोषणा नए आर्थिक हालात में यूएन निकायों को परिस्थितियों के अनुसार ढलने, खुद को सीमित करने या समाप्त होने की चेतावनी देने के बाद की गई है। आलोचकों का कहना है कि पश्चिमी देशों की सहायता में कटौती से लाखों लोग भूख, विस्थापन या बीमारी की ओर धकेल दिए गए हैं।

यह धनराशि अमेरिका की ओर से अतीत में दिए गए योगदान की तुलना में बेहद कम है लेकिन प्रशासन यह मानता है कि यह धनराशि उतनी कम नहीं है और अमेरिका को मानवीय कार्यों के लिए दुनिया के सबसे बड़े दानदाता के रूप में अपनी स्थिति बनाए रखने में सक्षम बनाएगी। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार, यह दो अरब डॉलर संयुक्त राष्ट्र समर्थित कार्यक्रमों के लिए पारंपरिक मानवीय सहायता का एक छोटा सा हिस्सा है, जो हाल के वर्षों में वार्षिक रूप से 17 अरब डॉलर तक पहुंच चुका है। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, इनमें से 8-10 अरब डॉलर स्वैच्छिक योगदान के रूप में है। इसके अलावा अमेरिका अपनी संयुक्त राष्ट्र सदस्यता से संबंधित वार्षिक शुल्क के रूप में भी अरबों डॉलर का भुगतान करता है।

**जुबीन गर्ग मौत मामले की सिंगापुर कोर्ट 14 से करेगा न्यायिक जांच : सिंगापुर , एजेंसी।** असम के लोकप्रिय गायक जुबीन गर्ग की मौत की गुत्थी सुलझाने के लिए सिंगापुर की अदालत 14 जनवरी से कोरोनर इंक्वायरी (मौत के कारणों की न्यायिक जांच) शुरू करेगी। 52 वर्षीय जुबीन का निधन 19 सितंबर को सिंगापुर के सेंट जॉन्स आइलैंड पर समुद्र में तैरने के दौरान हुआ था। वे सिंगापुर में एक सांस्कृतिक उत्सव में प्रस्तुति देने गए थे। सिंगापुर पुलिस के अनुसार, शुरुआती जांच में किसी भी तरह की साजिश का संदेह नहीं मिला है। कोरोनर एडम नाखोडा के नेतृत्व में होने वाली यह सुनवाई तथ्यों का पता लगाएगी कि मौत कब, कहां और किन परिस्थितियों में हुई। पुलिस ने जनता से इस मामले में किसी भी तरह की अटकलें न लगाने की अपील की है। न्यायिक प्रक्रिया के तहत यह जांच खुली अदालत में होगी।

**न्यू जर्सी में दो हेलिकॉप्टर हवा में टकराए; एक पायलट की मौत, दूसरा गंभीर : न्यू जर्सी , एजेंसी।** अमेरिका के न्यू जर्सी स्थित हैमॉन्टन में रविवार को दो हेलिकॉप्टर हवा में टकरा गए। हादसे में एक पायलट की मौत हो गई, जबकि दूसरे को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों के मुताबिक, दोनों हेलिकॉप्टर में सिर्फ पायलट ही सवार थे। हैमॉन्टन पुलिस ने बताया कि सुबह करीब 11:25 बजे हेलिकॉप्टर हादसे की सूचना मिली। मौके से सामने आए वीडियो में एक हेलिकॉप्टर तेजी से गोल-गोल घूमते हुए जमीन की ओर गिरता दिखा। टक्कर के बाद एक हेलिकॉप्टर में आग लग गई, जिसे पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने बुझाया।

# सऊदी अरब ने यमन के मुकल्ला में की बमबारी



**रियाद, एजेंसी।** सऊदी अरब ने यमन के महत्वपूर्ण बंदरगाह शहर मुकल्ला पर बमबारी की है। सऊदी अरब का कहना है कि यह हमला इसलिए किया गया क्योंकि वहां अलगाववादी समूह साउदर्न ट्रांजिशनल काउंसिल (एसटीएस) के लिए हथियार पहुंचाए जा रहे थे, जो यूएई से आए थे। यमन में अलगाववादी समूह और सरकार के बीच लंबे समय से संघर्ष चल रहा है। सऊदी अरब और उसके सहयोगी अक्सर यमन में अलगाववादी या विद्रोही समूहों पर हमले करते रहे हैं। ऐसे में सऊदी अरब ने इस हमले का मकसद यह बताया गया है कि हथियारों की सप्लाई रोककर यमन में शांति बनाए रखना और अलगाववादी ताकतों को कमजोर करना। इस बमबारी को लेकर सऊदी प्रेस एजेंसी ने कहा कि जहाज यूएई के फुजैरा बंदरगाह से मुकल्ला पहुंचा था। खतरे और सुरक्षा पर असर के कारण, सऊदी सेना ने सीमित और सटीक हवाई हमले किए। बयान में इस बात पर भी जोर दिया गया कि हमले को रात में किया गया ताकि कोई आम लोगों को नुकसान न पहुंचे।

**सऊदी अरब और यूएई के रिश्तों में दबाव बढ़ा :** इस हमले से सऊदी अरब और यूएई के बीच रिश्तों पर दबाव बढ़ गया है। दोनों देश यमन में अलग-अलग समूहों का समर्थन कर रहे हैं और उनके बीच आपस में ही प्रतिस्पर्धा चल रही है। बता दें कि मुकल्ला यमन के हद्रामाउट प्रांत में है और यह आदेन से लगभग 480 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में स्थित है। हाल ही में अलगाववादी समूह ने इस इलाके पर नियंत्रण कर लिया है। मीडिया रिपोर्टस में इस बात का भी दावा किया गया कि इससे पहले सऊदी अरब ने शुक्रवार को इसी समूह पर हवाई हमले किए थे, ताकि वे प्रांतों से अपने सैनिक पीछे हटाएं। वहीं दूसरी ओर अलगाववादी समूह ने दक्षिण यमन का झंडा फहराना शुरू कर दिया है। दक्षिण यमन कभी 1967-1990 तक अलग देश था। वहां लोग फिर से अलगाव की मांग कर रहे हैं। यूएई और सऊदी अरब अपनी ताकत बढ़ाने की कोशिश में गौरतलब है कि सऊदी अरब और यूएई दोनों ही यमन और अन्य क्षेत्रों में अपनी ताकत बढ़ाने की कोशिश में हैं।

# ताइवान की सीमा पर चीन का सैन्य अभ्यास जारी

**हांगकांग, एजेंसी।** चीन और ताइवान के बीच सीमा पर तनाव और बढ़ गया है, जिसके चलते ताइवान जलडमरूमध्य एक बार फिर युद्ध जैसे हालात की आहट से गूंज उठा है। कारण है कि चीन ने लगातार दूसरे दिन यानी मंगलवार को भी ताइवान के चारों ओर बड़े पैमाने पर सैन्य अभ्यास कर ताकत का प्रदर्शन किया। इस अभ्यास में चीन की वायुसेना, नौसेना और मिसाइल इकाइयों ने मिलकर लाइव-फायर ड्रिल (सीधे हथियारों से अभ्यास) की। बीजिंग ने इस सैन्य अभ्यास को ताइवान की स्वतंत्रता की कोशिशों और विदेशी दखल के खिलाफ चेतावनी बता रहा है, जबकि ताइवान ने सेना को हाई अलर्ट पर रखकर चीन को क्षेत्रीय शांति के लिए सबसे बड़ा खतरा करार दिया है। ऐसे में सवाल खड़ा हो रहा है कि क्या यह ड्रैगन का सिर्फ अभ्यास है या किसी बड़े टकराव का संकेत?

**ताइवान की हवाई यातायात पर बड़ा असर :** चीन की तरफ से किए जा रहे इस शक्ति प्रदर्शन का असर ताइवान में चारो ओर देखने को मिल रहा है। खासकर हवाई यातायात पर। ताइवान की विमानन एजेंसी के अनुसार, इस सैन्य अभ्यास के कारण अब तक 1 लाख से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की उड़ानें रद्द या डायवर्ट हुई हैं। करीब 850 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें प्रभावित हुईं और 80 से ज्यादा घरेलू उड़ानें रद्द कर दी गईं। इतना ही नहीं चीन ने ताइवान जलडमरूमध्य के आसपास सात अस्थायी 'खतरनाक क्षेत्र' घोषित किए, जहां रॉकेट अभ्यास किया गया है।



**'जस्टिस मिशन 2025' नाम का अभ्यास :** बता दें कि इन दो दिनों के सैन्य अभ्यास को चीन ने 'जस्टिस मिशन 2025' नाम दिया है। यह अभ्यास ऐसे समय हुआ है जब अमेरिका ताइवान के साथ अब तक का सबसे बड़ा हथियार सौदा करने की तैयारी में है। दूसरी ओर जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची ने कहा कि अगर चीन ने ताइवान पर कार्रवाई की तो जापान की सेना भी दखल दे सकती है। ऐसे में माना जा रहा है कि दोनों देशों के इन तैयारियों के चलते चीन काफी नाराज है।

वहीं बात अगर अब चीन के सैन्य अभ्यास की करें तो चीन की सेना ने बताया कि अबतक अभ्यास में लड़ाकू विमान, बमवर्षक, ड्रोन, युद्धपोत, विध्वंसक जहाज, फ्रिगेट, लंबी दूरी की मिसाइलें और रॉकेट का इस्तेमाल किया गया। वहीं इस अभ्यास के मकसद की बात करें तो इसे समुद्र और हवा में संयुक्त युद्ध तैयारी, ताइवान के प्रमुख बंदरगाहों की नाकाबंदी और चारों दिशाओं से दबाव बनाकर डर पैदा करना माना जा रहा है। दूसरी ओर विशेषज्ञों का तो ये भी मानना है कि यह पहली बार है जब चीन ने खुलकर कहा कि उसका लक्ष्य द्वीप श्रृंखला के बाहर तक हर तरह से डर पैदा करना है। वहीं दूसरी ओर ताइवन ने चीन के इस सैन्य अभ्यास को देखते हुए सेना को हाई अलर्ट पर रखकर चीन को क्षेत्रीय शांति के लिए सबसे बड़ा खतरा करार दिया है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि चीन के 89 विमान और ड्रोन ताइवान के आसपास देखे गए।

# न्यूजीलैंड ने 2025 में मचाई धमाल, भारत-पाकिस्तान ने भी दिखाई ताकत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 2025 का साल क्रिकेट फैंस के लिए काफी रोमांचक रहा और इस दौरान कई टीमों ने अपने प्रदर्शन से दिल जीते। सभी फॉर्मेट टेस्ट, वनडे और टी20 मिलाकर सबसे ज्यादा मैच जीतने वाली टीमों की लिस्ट में न्यूजीलैंड सबसे ऊपर रही। 2025 में कीवी टीम ने कुल 47 मैचों में 33 जीत दर्ज की, जबकि सिर्फ 9 मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। इसके अलावा एक मैच ड्रॉ रहा और चार मैचों का नतीजा नहीं निकला। न्यूजीलैंड ने इस साल 4 टेस्ट, 17 वनडे और 12 टी20 में जीत हासिल कर अपनी ताकत का लोहा मनवाया। भारत और पाकिस्तान ने भी सालभर शानदार प्रदर्शन किया और दोनों टीमों ने बराबर 30-30 मैच जीते। हालांकि पाकिस्तान ने भारत की तुलना में अधिक मैच खेले। पाकिस्तान ने कुल 56 मुकाबलों में 30 जीत हासिल की, वहीं भारत ने 45 में से इतने ही मैच जीते। इस साल भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी और एशिया कप में कई बार पाकिस्तान को मात दी, जिससे दोनों के बीच मुकाबले का रोमांच और बढ़ गया।

वर्ल्ड चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने इस साल तीसरे नंबर पर कब्जा जमाया। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने कुल 38 मैचों में 23 जीत दर्ज की, जबकि 11 में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। इंग्लैंड के खिलाफ एशेज सीरीज में उन्हें साल की आखिरी हार मिली, लेकिन इसके बावजूद टीम ने पूरे साल स्थिर प्रदर्शन किया। लिस्ट में पांचवें पायदान पर बांग्लादेश और साउथ अफ्रीका की टीमें रही, जिन्होंने तीनों फॉर्मेट मिलाकर 21-21 मुकाबले जीते। साउथ अफ्रीका ने 43 मैच खेले, जिनमें 22 में हार झेली, जबकि बांग्लादेश ने 47 में से 23 मैच गंवाए। दोनों टीमों ने सालभर अपने फैंस को रोमांचक क्रिकेट का अनुभव जरूर कराया। इस लिस्ट से साफ है कि 2025 में न्यूजीलैंड ने सबसे अधिक मैच जीतकर अपनी मजबूती दिखाई, वहीं भारत और पाकिस्तान की टीमों ने भी मुकाबले में कड़ी टक्कर दी। ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश और साउथ अफ्रीका ने भी अपने स्तर पर शानदार खेल दिखाया। कुल मिलाकर, 2025 क्रिकेट के लिए एक बेहद रोमांचक और प्रतिस्पर्धात्मक साल रहा, जिसमें फैंस को हर फॉर्मेट में क्रिकेट का भरपूर मजा मिला।



# पैरालंपिक भाला फेंक में सुंदर ने बनाया है विशेष स्थान




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने पिछले कुछ समय में पैरालंपिक खेलों में भी अपनी श्रेष्ठता साबित की है। इसमें भाला फेंक में भारतीय पैरालंपिक खिलाड़ी सुंदर सिंह गुर्जर का प्रदर्शन शानदार रहा है। सुंदर ने लगातार दो पैरालंपिक खेलों की भाला फेंक स्पर्धा में पदक जीते हैं। सुंदर सिंह ने कोच की सलाह पर साल 2012 में जैवलिन थ्रो शुरू किया। शुरुआत में वह सामान्य श्रेणी में खेलते थे पर साल 2015 में एक हादसे में उनका बायां हाथ कट गया। इस घटना के बाद उन्होंने कोच महावीर प्रसाद सैनी ने उनका हौंसला बढ़ाया और पैरा एथलेटिक्स में भाग लेने को कहा ।

इसक बाद सुंदर ने पैरा एथलेटिक्स में कदम रखा। इसके बाद वह जैवलिन की एफ46 कैटेगरी में प्रतिस्पर्धा करने लगे। गुर्जर ने साल 2016 में रियो पैरालंपिक के लिए क्वालीफाई किया था पर वह वहां आयोग्य घोषित हो गये थे। उन्होंने इसी साल लंदन में आयोजित विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता। इससे पहले 2019 में विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप, दुबई में भी उन्होंने स्वर्ण पदक जीता था। 2018 एशियन पैरा गेम्स में रजत और 2023 हांगझोउ एशियन पैरा गेम्स में सुंदर ने 68.60 मीटर थ्रो करके विश्व रिकॉर्ड बनाया।सुंदर ने टोक्यो 2020 पैरालंपिक में 64.01 मीटर थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता और फिर इसके बाद पेरिस में आयोजित 2024 पैरालंपिक में 64.96 मीटर के साथ कांस्य जीता। हाल ही में 2025 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भी उन्होंने रजत पदक जीता।

# सूर्यकुमार ने तिरुपति बालाजी मंदिर में पूजा अर्चना की



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तिरुमला (ईएमएस)। भारतीय टी20 क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अपनी पत्नी देविशा शेट्टी के साथ तिरुपति बालाजी मंदिर में पूजा अर्चना कर भगवान का आर्शिवाद लिया। सूर्यकुमार और उनकी पत्नी ने वैकुंठ एकादशी के शुभ अवसर पर भगवान वेंकटेश्वर की पूजा-अर्चना की और पवित्र वैकुंठ द्वारम से होकर दर्शन किए। इसे अत्यंत पावन माना जाता है। सूर्या पिछले कुछ समय से अपने नाम के अनुरुप प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं और माना जा रहा है कि वह न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज से पहले इसी कारण भागवान की शरण में पहुंचे होंगे। तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीडीपी) प्रशासन ने सूर्यकुमार और उनकी पत्नी के लिए विशेष दर्शन की व्यवस्था भी की। सुबह के समय दोनों ने शांतिपूर्वक भगवान के दर्शन किए। दर्शन के बाद मंदिर के पुजारियों ने उन्हें रंगनायकुलावरी मंडपम में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आशीर्वाद दिया। इसके पश्चात दोनों को तीर्थ प्रसाद प्रदान किया गया और उन्होंने भगवान को वस्त्र अर्पित किए। मंदिर परिसर में सूर्यकुमार और देविशा को देखकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह नजर आया। दोनों पारंपरिक परिधान में सादगी और श्रद्धा के साथ धार्मिक अनुष्ठानों में शामिल हुए। उनकी विनम्रता और आस्था ने एक बार फिर यह दिखाया है कि व्यस्त अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कार्यक्रम के बाद भी भारतीय खिलाड़ी अपनी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक जड़ों से जुड़े हुए हैं। उनके मंदिर दर्शन का एक वीडियो भी आया है। इसमें दिख रहा है कि सूर्यकुमार जब मंदिर की तरफ जा रहे थे तो प्रशंसकों ने उन्हें घेर लिया। सूर्यकुमार ने पास आने वाले प्रशंसकों के साथ सेल्फी भी खिंचवाई। कुछ पल के लिए वो रुके भी जिससे तस्वीर लेने वालों को पूरा समय मिल सके और किसी को परेशानी भी ना हो। इससे पहले साल 2023 में भी उन्होंने वेंकटेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना की थी। इसकी तस्वीरें अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की थी। इसके अलावा वह बाबा महाकाल और अन्य मंदिरों में भी दर्शनों के लिए पहुंचते रहे हैं। वहीं सूर्या के अलावा बल्लेबाज तिलक वर्मा भी भगवान वेंकटेश्वर के दर्शनों के लिए पहुंचे। उनके साथ बीसीसीआई एपेक्स काउंसिल के सदस्य और पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेटर वी. चामुंडेश्वरनाथ भी थे। तिलक इससे पहले एशिया कप 2024 से पहले भी तिरुमला आए थे।

# 14 छक्के और 9 चौके, सरफराज खान ने रोहित शर्मा का बड़ा रिकॉर्ड तोड़ा




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सरफराज खान को विजय हजारे ट्रॉफी (VHT) में शानदार प्रदर्शन के साथ अपने व्हाइट-बॉल करियर को फिर से शुरू करने का एक नया मौका मिला है। यह भारतीय बल्लेबाज, जिसने आखिरी बार 1 नवंबर, 2024 को भारत के लिए खेला था, मुंबई के लिए शानदार फॉर्म में है। सरफराज ने गोवा के खिलाफ सिर्फ 75 गेंदों में शानदार 157 रन बनाए जिसमें 14 छक्के और 9 चौके शामिल थे। उन्होंने सिर्फ 56 गेंदों में अपना शतक पूरा किया और मुंबई के लिए सबसे तेज लिस्ट-A शतक बनाने वाले खिलाड़ी बनकर रोहित शर्मा का रिकॉर्ड तोड़ दिया।

रोहित ने पिछले हफ्ते ही सिक्किम के खिलाफ 62 गेंदों में शतक बनाकर यह रिकॉर्ड बनाया था और उस मैच में 94 गेंदों में 155 रन बनाए थे। सरफराज ने शानदार तरीके से रिकॉर्ड तोड़ा, जब कई नए खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन किया। सरफराज का फर्स्ट-क्लास क्रिकेट में उनका औसत 63.15 है, जिसमें उनके नाम 16 शतक और 16 अर्धशतक हैं। उन्हें 2015 में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (RCB) ने साइन किया था, और सिर्फ 17 साल की उम्र में, वह उस समय IPL में खेलने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए थे।

उनकी निडर और इनोवेटिव बैटिंग ने उन्हें जल्दी ही फैंस का पसंदीदा बना दिया, लेकिन बाद में उनके व्हाइट-बॉल करियर की रफ्तार धीमी हो गई। अब ऐसा लगता है कि वह दौर उनके पीछे छूट गया है। फिटनेस में सुधार के बाद सरफराज ने खुद को सभी फॉर्मेट में एक मजबूत दावेदार के रूप में बदल लिया है। उन्होंने हाल ही में मुंबई के लिए सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी (SMAT) में शानदार प्रदर्शन किया जिसमें उन्होंने 65.80 की औसत और 203.09 के शानदार स्ट्राइक रेट से 329 रन बनाए। सरफराज को हाल ही में चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) ने IPL नीलामी खरीदा है।

## श्रेयस अय्यर की फिलहाल वापसी की उम्मीद नहीं, न्यूजीलैंड के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज से भी बाहर रहेंगे

मुम्बई ।ऑस्ट्रेलिया दौरे में चोटिल होने के बाद से ही बाहर चल रहे भारतीय टीम के मध्यक्रम के अनुभवी बल्लेबाज श्रेयस अय्यर के अभी वापसी करने की कोई उम्मीद नहीं है।अय्यर को ऑस्ट्रेलिया दौरे में आंत में चोट लग गयी थी।उसके बाद से ही वह अभी तक पूरी तरह से नहीं उबरे हैं।इसी कारण उनकी मैदान पर वापसी में देरी हो रही है। बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) से भी उन्हें खेलने की मंजूरी नहीं मिली है।वहीं पहले कहा गया था कि श्रेयस 30 दिसंबर को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से बाहर आ जाएंगे पर अब उन्हें कम से कम एक सप्ताह और वहीं रहना होगा। इसका कारण है कि श्रेयस का वजन करीब 6 किलो वजन घट गया था।उनकी मांसपेशियों में भी कमजोरी आई है।इससे उनकी ताकत अभी भी सही स्तर पर नहीं पहुंची है। एक रिपोर्ट के अनुसार बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा, 'उनकी बल्लेबाजी में कोई परेशानी नहीं है पर ऑस्ट्रेलिया में लगी चोट के बाद से ही उनका वजन करीब छह किलो वजन घट गया है। इसलिए मेडिकल टीम अभी तक उन्हें फिट नहीं मानती है।' पहले कहा जा रहा था कि श्रेयस के 3 और 6 जनवरी को विजय हजारे ट्रॉफी के मैच खेलने की उम्मीद है और फिर 11 जनवरी से वडोदरा में शुरू होने वाली न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज में उनकी वापसी की बात कही गयी पर अब , योजना बदल गई है उम्मीद है कि उन्हें 9 जनवरी तक ही खेलने की मंजूरी मिलेगी।



## हरमनप्रीत के अर्धशतक से भारतीय टीम ने श्रीलंका को पांचवें टी20 में हराकर 5-0 से सीरीज जीती

तिरुवनंतपुरम।कप्तान हरमनप्रीत कौर के शानदार अर्धशतक और अमनजीत कौर के साथ खेली उनकी अर्धशतकीय पारी की सहायता से भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने पांचवें टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में श्रीलंकाई टीम को 15 रनों से हराकर सीरीज में 5-0 से जीत दर्ज की है।इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने 7 विकेट पर 175 रन बनाए।इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंकाई टीम 160 रन ही बना पायी।श्रीलंका की ओर से सलामी बल्लेबाज हसिनी परेरा और इमेशा दुलानी ने अर्धशतक लगाया पर इन दोनो के आउट होने के बाद अन्य बल्लेबाज टिक नहीं पायीं।वहीं पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही।सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा 5 और पहला मैच खेल रही जी कमलिनी 12 रन ही बना पायी।एक समय आधी भारतीय टीम 77 रनों पर ही पेवेलियन लौट गयी थी।इसके बाद हरमनप्रीत कौर ने ने अमनजोत कौर 21 के साथ छठे विकेट के लिए 61 रनों की साझेदारी कर भारतीय टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया।हरलीन देओल ने 13, ऋचा घोष ने 5 और दीप्ति शर्मा ने 7 रन बनाये। वहीं हरमनप्रीत ने 43 गेंदों में 9 चौके और एक छक्का लगाकर 68 रन बनाये।वहीं अमनजोत ने 21 रन बनायी।अंतिम दो ओवरों में अरुंधति रेड्डी ने तेजी से रन बनाकर भारतीय टीम को 170 के पार पहुंचाया।वहीं अरुंधति ने 4 चौके और एक छक्के के साथ 11 गेंदों में नाबाद 27 रन बनाए।स्नेह राणा 8 रन पर नाबाद रहीं।वहीं श्रीलंका की आरे से कविशा दिल्हारी, रश्मिका सेववंदी और चमारी अटापट्टू ने दो-दो विकेट लिए जबकि निमाशा मदुशानी ने एक विकेट लिया।लक्ष्य का पीछा करते हुए हुए श्रीलंकाई बल्लेबाज हसिनी परेरा और इमेशा दुलानी ने तेजी से रन बनाये।इसके आउट होते ही श्रीलंकाई पारी लड़खड़ा गयीं।श्रीलंका की ओर से इमेशा और हसिनी ने अर्धशतकीय पारियां खेलीं।इमेशा ने 50 जबकि हसिनी ने 65 रन बनाए।

## प्रीमियर लीग फुटबॉल में मैनचेस्टर यूनाइटेड को ड्रॉ पर रोकने में सफल रही वॉल्वरहैम्प्टन वांडरर्स

मैनचेस्टर ।प्रीमियर लीग फुटबॉल में वॉल्वरहैम्प्टन वांडरर्स और मैनचेस्टर यूनाइटेड के बीच मुकाबला 1-1 से बराबरी पर रहा है। इस मैच का पहला गोल मैनचेस्टर यूनाइटेड की ओर से जोशुआ जिर्कजी ने 27वें मिनट में गोल किया था।वहीं मैच के 45वें मिनट में लादिस्लाव क्रेजी ने एक गोल कर वॉल्वरहैम्प्टन वांडरर्स को बराबरी पर ला दिया।




इसके बाद कोई भी टीम गोल नहीं कर पायी जिससे मुकाबला बराबरी पर रहा।वॉल्वरहैम्प्टन लगातार 11 हार के बाद किसी मैच में हार से बची है। ड्रा के साथ ही मैनचेस्टर यूनाइटेड छठे स्थान पर रही है।इससे मैनचेस्टर चौथे स्थान पर रही लिवरपूल के बराबर अंक पाने में विफल रही है।वहीं वॉल्वरहैम्प्टन वांडरर्स अंकतालिका में सबसे नीचे है।ड्रा के साथ ही उसके 3 अंक हो गये हैं।एक अन्य मैच में न्यूकैसल यूनाइटेड ने साल के अपने अंतिम मैच में बर्नले को हराया।इस हार के बाद बर्नले 19वें नंबर जबकि न्यूकैसल 10वें नंबर पर है।

## काम्या कार्तिकेयन ने रचा इतिहास, साउथ पोल तक स्कीइंग करने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय बनीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय नौसेना के एक अधिकारी की 18 साल की बेटी काम्या कार्तिकेयन ने साउथ पोल तक स्कीइंग करके इतिहास रच दिया है। वह यह कारनामा करने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय और दुनिया की दूसरी सबसे कम उम्र की महिला बन गई हैं। काम्या ने 89 डिग्री दक्षिण से शुरू करके, अपने पूरे एक्सपेडिशन का सामान ले जा रही स्लेज को खींचते हुए, स्कीइंग करते हुए ज्योग्राफिक साउथ पोल तक पैदल लगभग 115 किमी का सफर तय किया।

उन्होंने 27 दिसंबर को यह मुश्किल अभियान पूरा किया। इस शानदार उपलब्धि को हासिल करने के लिए उन्होंने अंटार्कटिका की मुश्किल परिस्थितियों का सामना किया, जिसमें तापमान माइनस 30 डिग्री सेल्सियस तक गिरना और तेज तूफानी हवाएं शामिल थीं। उनकी उपलब्धि पर बधाई देते हुए भारतीय नौसेना ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, 'भारतीय नौसेना काम्या कार्तिकेयन, जो एक नौसेना अधिकारी की 18 वर्षीय बेटी और नेवी चिल्ड्रन्स स्कूल की पूर्व छात्रा हैं, को बधाई देती है, जिन्होंने साउथ पोल तक स्कीइंग करके सबसे कम उम्र की भारतीय और दुनिया की दूसरी सबसे कम उम्र की महिला बनकर एक बार फिर इतिहास रचा है।'




नौसेना ने आगे कहा, 'काम्या माइनस 30 डिग्री सेल्सियस के कठोर मौसम और तूफानी हवाओं का सामना करते हुए अपने पूरे एक्सपेडिशन के सामान से भरी स्लेज को खींचते हुए लगभग 60 नॉटिकल मील (लगभग 115 किमी) पैदल चलकर 27 दिसंबर को साउथ पोल पर पहुंचीं।' 12वीं कक्षा की छात्रा काम्या, प्रतिष्ठित एक्सप्लोरर्स ग्रैंड स्लैम को पूरा करने का प्रयास कर रही हैं, जिसमें सभी सात महाद्वीपों की सबसे ऊंची चोटियों पर चढ़ना और नॉर्थ और साउथ पोल दोनों जगह स्कीइंग करना शामिल है।

इससे पहले उन्होंने सेवन समिट्स चैलेंज पूरा किया था और नेपाल की तरफ से माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय और दुनिया की दूसरी सबसे कम उम्र की महिला बनीं। उनकी पर्वतारोहण उपलब्धियों में माउंट किलिमंजारो (अफ्रीका), माउंट एल्ब्रस (यूरोप), माउंट कोसियसको (ऑस्ट्रेलिया), माउंट एकॉनकागुआ (दक्षिण अमेरिका), माउंट डेनाली (उत्तरी अमेरिका), माउंट एवरेस्ट (एशिया), और माउंट विंसन (अंटार्कटिका) पर चढ़ाई शामिल है। काम्या 24 दिसंबर को अपने पिता, भारतीय नौसेना के कमांडर एस कार्तिकेयन के साथ माउंट विंसन की चोटी पर पहुंचीं, ताकि साउथ पोल स्की अभियान शुरू करने से पहले सेवन समिट्स चैलेंज पूरा कर सकें। उनकी असाधारण यात्रा की सराहना करते हुए भारतीय नौसेना ने कहा, 'उनकी उपलब्धि निश्चित रूप से उनकी पीढ़ी के कई लोगों को अपनी सीमाओं से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी। उन्हें नॉर्थ पोल तक स्कीइंग के अंतिम पड़ाव को लेकर'स्वच्छ हवा और साफ आसमान'की शुभकामनाएं।'

## फीफा रैफरी सूची में एक महिला सहित तीन और भारतीय शामिल




नई दिल्ली।अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (AIFF) ने बुधवार को बताया कि एक महिला सहित तीन भारतीय रैफरी को फीफा की 2026 अंतरराष्ट्रीय मैच अधिकारियों की सूची में शामिल किया गया है।गुजरात की रचना कमानी को महिला रैफरी की फीफा सूची में शामिल किया गया है जबकि पुडुचेरी के अश्विन कुमार और दिल्ली के आदित्य पुरकायस्थ को पुरुष रैफरी के रूप में जगह मिली है। AIFF ने कहा कि अश्विन कुमार और आदित्य पुरकायस्थ ने मलेशिया के कुआलालंपुर में एएफसी रैफरी अकादमी का कोर्स पूरा कर लिया है जबकि रचना कमानी वर्तमान में यह कोर्स कर रही हैं।इसके अलावा पुडुचेरी के मुरलीधरन पांडुरंगन और महाराष्ट्र के पीटर क्रिस्टोफर को फीफा सहायक रैफरी के रूप में शामिल किया गया है।इस तरह 2026 के लिए फीफा अंतरराष्ट्रीय मैच अधिकारियों की सूची में भारत के कुल 19 अधिकारी शामिल हो गए हैं।इसमें आठ रैफरी, 10 सहायक रैफरी और एक फुटसाल रैफरी शामिल हैं।

# भारत के लिए सबसे बड़ी चुनौती होंगे 2026 एशियन गेम्स

**मुंबई (एजेंसी)।** 2025 के सफल साल के बाद जिसमें भारतीय खिलाड़ियों ने ग्लोबल स्टेज पर कई इवेंट्स में शानदार प्रदर्शन किया, साल 2026 नई और कठिन चुनौतियां लेकर आएगा और सबसे ऊपर 19 सितंबर से 4 अक्टूबर 2026 तक जापान के आइची प्रीफेक्चर और नागोया में होने वाले 20वें एशियन गेम्स हैं।

2025 में भारत के लिए ओलंपिक खेल मिले-जुले रहे क्योंकि देश ने तीरंदाजी, बॉक्सिंग, कुश्ती, शूटिंग, वेटलिफ्टिंग और हॉकी जैसे खेलों में अच्छा प्रदर्शन किया। तीरंदाजी में धीरज बोम्मादेवरा, तरुणदीप राय और अतनु दास की भारतीय पुरुष रिकर्व टीम ने 2025 वर्ल्ड कप में सिल्वर मेडल जीता। जबकि भारत ने कंपाउंड सेक्शन में दबदबा बनाया, महिला टीम और ज्योति सुरेखा वेन्नम ने कंपाउंड टीम और व्यक्तिगत प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीते।

भारतीय एथलीटों ने 2025 समर वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में अच्छा प्रदर्शन किया जिसमें 2 गोल्ड और 5 सिल्वर सहित 12 मेडल जीते, लेकिन साल का सबसे बड़ा खेल इवेंट, एथलेटिक्स वर्ल्ड चैंपियनशिप निराशाजनक रहा क्योंकि नीरज चोपड़ा 2018 के बाद से बड़े इवेंट्स में टॉप दो में रहने के बाद बिना मेडल के रह गए।

बैडमिंटन भी मिला-जुला रहा और जूनियर इवेंट्स और मिड-लेवल प्रतियोगिताओं में कुछ मेडल के अलावा, केवल सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी ही कड़ी प्रतिस्पर्धा के सामने टिकी रही।

अब वह सब पुरानी बात हो गई है और आइची-नागोया 2026 भारतीय खिलाड़ियों को एशियन गेम्स में अपनी पूरी क्षमता दिखाने का मौका देगा जबकि लॉस एंजिल्स ओलंपिक में दो साल और 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स में चार साल बाकी हैं, जब प्रतियोगिताओं के पूरे पैमाने पर लौटने की उम्मीद है जो 2026 में ग्लासगो में होने वाले छोटे पैमाने के संस्करण से अलग होगा, जिसमें केवल 10 खेलों में प्रतिस्पर्धा होगी।

2026 एशियन गेम्स में 32 कोर खेल होंगे जिनमें से ज्यादातर वे खेल होंगे जो ओलंपिक गेम्स का हिस्सा हैं, और 11 अन्य खेल और डिसिप्लिन होंगे जिनमें पांच क्षेत्रीय खेल वुशू, सेपक-टकराव, कबड्डी, कुराश और जूडो शामिल हैं। डांसस्पोर्ट्स, रोलर स्पोर्ट्स, सर्फिंग, क्रिकेट, ई-स्पोर्ट्स, मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स और पैडल भी शेड्यूल का हिस्सा होंगे।

कुल मिलाकर 45 नेशनल ओलंपिक कमेटियों से 2026 गेम्स के लिए अपने दल भेजने की उम्मीद है, जो अनोखे होंगे क्योंकि प्रतिभागियों को आमतौर पर बनाए जाने वाले स्थायी एथलीट विलेज में नहीं ठहराया जाएगा, बल्कि किंजो पियर पर डॉक किए गए एक क्रूज शिप में ठहराया जाएगा।

प्रतिभागियों को नागोया बंदरगाह के पास दोबारा इस्तेमाल किए गए शिपिंग कंटेनरों से बने अस्थायी विला में भी ठहराया जाएगा, और कुछ को प्रीफेक्चर और बाहरी शहरों के कई होटलों में ठहराया जाएगा। आयोजन स्थल आइची प्रीफेक्चर और नागोया के विभिन्न शहरों में फैले होंगे जबकि तैराकी और घुड़सवारी प्रतियोगिताएं टोक्यो में होंगी।

इस तरह 2026 एशियन गेम्स भारत के लिए एक बड़ा मौका होगा जो कॉन्टिनेंटल गेम्स में 183 गोल्ड, 238 सिल्वर और 357 ब्रॉन्ज मेडल के साथ कुल 778 मेडल जीतकर पांचवां सबसे सफल देश है। भारत जापान में होने वाले एशियन गेम्स के 20वें एडिशन में 2022 हांगझोऊ एशियन गेम्स में अपने अब तक के सबसे अच्छे प्रदर्शन के बाद जाएगा, जहां भारत ने 108 मेडल जीते थे - 28 गोल्ड, 38 सिल्वर और 40 ब्रॉन्ज। इसका मतलब है कि प्रतिभागियों पर यह साबित करने का दबाव होगा कि पिछले कुछ सालों में उन पर खर्च किया गया भारी पैसा बर्बाद नहीं हुआ।



एक अच्छा प्रदर्शन और ढेर सारे मेडल यह भी साबित करेंगे कि पिछले कुछ सालों में भारतीय खेलों में स्वाभाविक प्रगति और विकास हुआ है जैसा कि एशियन गेम्स के पिछले कुछ एडिशन में भारत द्वारा जीते गए कुल मेडलों में देखा जा सकता है।

यह 2028 में लॉस एंजिल्स ओलंपिक गेम्स और 2030 में कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए भी एक शानदार तैयारी होगी, जो शायद अहमदाबाद में होंगे, जिसे कॉमनवेल्थ स्पोर्ट एग्जीक्यूटिव बोर्ड ने शॉर्टलिस्ट किया है।

एक और सफल एशियन गेम्स 2036 ओलंपिक गेम्स के लिए भारत की दावेदारी को भी मजबूत करेगा। 2026 में भारत के पास अच्छा प्रदर्शन करने का पूरा मौका है और आइची-नागोया में होने वाले एशियन गेम्स देश के लिए बेहतरीन प्रदर्शन करने का सही मौका होगा।

## मुंबई इंडियन्स ने डब्ल्यूपीएल 2026 से पहले क्रिस्टन बीम्स को बनाया स्पिन गेंदबाजी कोच

नई दिल्ली। महिला प्रीमियर लीग 2026 की तैयारियों में जुटी गत चैंपियन मुंबई इंडियन्स ने अपने कोचिंग स्टाफ में अहम बदलाव करते हुए ऑस्ट्रेलिया की पूर्व लेग स्पिनर क्रिस्टन बीम्स को स्पिन गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है।अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और कोचिंग के क्षेत्र में लंबा अनुभव रखने वाली बीम्स की एंट्री से मुंबई इंडियन्स की महिला टीम को स्पिन विभाग में मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।बीम्स ऑस्ट्रेलिया के कई बड़े आईसीसी टूर्नामेंट अभियानों का हिस्सा रह चुकी हैं और 2017 महिला एकदिवसीय विश्व कप में वह सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाजों की सूची में तीसरे स्थान पर रही थीं।क्रिस्टन बीम्स का अंतरराष्ट्रीय करियर भले ही ज्यादा लंबा न रहा हो, लेकिन वह अपनी निरंतरता और क्रिकेट की समझ के लिए जानी जाती हैं।उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए एक टेस्ट मैच खेला, जिसमें 11 ओवर की गेंदबाजी करने के बावजूद उन्हें कोई विकेट नहीं मिला।इसके अलावा उन्होंने 30 महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में 42 विकेट अपने नाम किए, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 15 रन देकर चार विकेट रहा।टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भी बीम्स का योगदान अहम रहा, जहां उन्होंने 18 मैचों में 20 विकेट लिए और उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 11 रन देकर तीन विकेट का रहा। घरेलू स्तर पर उन्होंने महिला बिग बैश लीग में 45 टी20 मुकाबले खेले और अपनी उपयोगिता साबित की।खेल से संन्यास लेने के बाद बीम्स ने कोचिंग में खुद को स्थापित किया।वह महिला बिग बैश लीग और द हंड्रेड जैसे बड़े टूर्नामेंट में कोचिंग की जिम्मेदारी निभा चुकी हैं।इसके अलावा वह ऑस्ट्रेलिया की महिला अंडर-19 टीम की कोच रह चुकी हैं और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया में नेशनल डेवलपमेंट लीड की भूमिका भी निभा चुकी हैं।क्रिकेट तस्मानिया में कम्युनिटी क्रिकेट मैनेजर के रूप में काम कर चुकी बीम्स अब मुंबई इंडियन्स के साथ अपने अनुभव का इस्तेमाल करेंगी।डब्ल्यूपीएल का चौथा सत्र नौ जनवरी से पांच फरवरी तक खेला जाएगा, और इससे पहले बीम्स की नियुक्ति को मुंबई इंडियन्स की खिताब बचाने की रणनीति का अहम हिस्सा माना जा रहा है।





# फिल्म हिट होने के बाद भी डिप्रेशन का शिकार हो गई थीं करिश्मा

कुछ अभिनेत्रियों के लिए हिंदी सिनेमा या टीवी की दुनिया में आना आसान रहा, लेकिन कुछ को रंग, रूप और लंबी हाइट के लिए रिजेक्शन का सामना करना पड़ा। उन्हीं में से एक हैं टीवी से लेकर फिल्मों में काम करने वाली करिश्मा तन्ना, जिन्हें अपनी लंबी हाइट की वजह से कई टीवी सीरियल में काम करने का मौका नहीं मिला। 21 दिसंबर को जन्मीं करिश्मा तन्ना ने कभी नहीं सोचा था कि वो टीवी सीरियल या फिल्मों की तरफ रुख करेंगी। अभिनेत्री ने कॉलेज के समय अपने दोस्तों के कहने पर फोटोग्राफी के सेशन में भाग लिया। उनके दोस्तों ने करिश्मा की फोटोज को अलग-अलग जगह भेज दिया और फिर शुरू हुआ मॉडलिंग का सिलसिला। तन्ना को फोटोशूट और मॉडलिंग प्रोजेक्ट के फोन आने लगे और उन्हीं में से एक कॉल बालाजी प्रोडक्शन हाउस की तरफ से था। तन्ना को फोन कॉल के जरिए अपना पहला शो मिला और पहली बार में ही उन्हें सेलेक्ट कर लिया गया। करिश्मा को क्योंकि सास भी कभी बहू थी में देखा गया, जिसके बाद वे साल 2003 में टीवी सीरीज कोई दिल में है में नजर आईं। साल 2005 के टीवी शो एक लड़की अंजानी सी में उन्होंने निगेटिव रोल भी प्ले किया और फिर प्यार के दो नाम- एक राधा, एक श्याम का हिस्सा रहीं। टीवी में ठीक-ठाक काम करने के बाद, उन्होंने फिल्मों में काम ढूंढना शुरू किया, क्योंकि ज्यादातर सीरियल में वे साइड रोल में नजर आईं। फिल्मों में भी उन्हें छोटे और साइड रोल भी ऑफर हुए और पहचान बनाना मुश्किल हो गया। 2013 में आई ग्रैंड मस्ती उनकी पहली फिल्म थी, जिसके बाद, टीना एंड लोलो और रणबीर कपूर की फिल्म संजू में नजर आईं। फिल्म संजू उनके करियर की सबसे हिट फिल्मों में से एक थी, लेकिन संजू करने के बाद उन्हें काम मिलना बंद हो गया। 1 साल तक करिश्मा ने घर में समय काटा और डिप्रेशन का शिकार हो गई। अभिनेत्री ने बताया था कि संजू में भी काम करना उनके करियर के लिए कारगर साबित नहीं हुआ क्योंकि 1 साल तक किसी ने काम नहीं दिया। उन्होंने कई प्रोडक्शन कंपनियों के पास फोन किया और काम की उम्मीद की, लेकिन हर जगह से हाथ खाली। उन्होंने बताया था कि उनके दोस्त भी इस इंडस्ट्री का हिस्सा नहीं थे, इसलिए उनसे शेयर करना सही नहीं समझा, लेकिन फिर खुद को समझाने की कोशिश की और धीरे-धीरे डिप्रेशन से बाहर आने लगी। अब अभिनेत्री सीरीज में दिख रही हैं, और उन्हें आखिरी बार हश-हश नाम की सीरीज में पुलिसवाली के रोल में देखा गया।



# सामंथा रुथ प्रभु से लेकर अदिति राव हैदरी तक, तलाक के बाद इन कलाकारों को दोबारा की शादी

बॉलीवुड के कई मशहूर कलाकार ऐसे हैं जिनकी पहले शादी हुई, फिर उनका तलाक हुआ। तलाक के बाद वह टूटे नहीं। वह करियर में आगे बढ़े उन्होंने अपने आपको मौका दिया और उन्हें दोबारा प्यार हुआ। अब यह कलाकार या तो शादीशुदा हैं या फिर किसी के साथ रिश्ते में हैं। आज हम उन्हीं कलाकारों के बारे में बात करेंगे।


## सामंथा रुथ प्रभु

सामंथा रुथ प्रभु ने नागा चैतन्या से साल 2017 में शादी की थी। दोनों का साल 2021 में तलाक हो गया। पति से अलग होने के बाद सामंथा टूटी नहीं। उन्होंने अपनी जिंदगी को संभाला और तरक्की की। साल 2025 में उन्हें दोबारा प्यार हुआ। उन्होंने राज निदिमोरू से शादी की। उनका सफर उन लोगों के लिए सबक है, जो ब्रेकअप के बाद टूट जाते हैं।



## दीया मिर्जा

दीया मिर्जा ने 2014 में साहिल सागा से शादी की थी लेकिन साल 2019 में दोनों अलग हो गए। तलाक के बाद दीया मिर्जा को दोबारा प्यार हुआ। उन्होंने कारोबारी वैभव रेखी से 2021 में शादी की। इसी साल उनको एक बच्चा भी हुआ, जिसका नाम अवयान आजाद रेखी है। दीया शादीशुदा जिंदगी बिता रही हैं और काम भी करती हैं।



## ऋतिक रोशन

ऋतिक रोशन ने साल 2000 में सुजैन खान के साथ शादी की थी। साल 2014 में दोनों अलग हो गए। दोनों अपने बच्चों की परवरिश कर रहे हैं। तलाक के बाद ऋतिक रोशन ने सबा आजाद को डेट करना शुरू किया। सुजैन भी अपनी जिंदगी में आगे बढ़ रही हैं। ऋतिक और सुजैन अब भी एक दूसरे का सम्मान करते हैं।

## अदिति राव हैदरी

साल 2009 में अदिति राव हैदरी ने सत्यदीप मिश्रा से शादी की। चार साल के बाद दोनों का तलाक हो गया और वे अपनी-अपनी जिंदगी में आगे बढ़ गए। अदिति को दोबारा सिद्धार्थ से प्यार हुआ। यह उनकी नई शुरुआत थी। साल 2024 में दोनों ने एक प्राइवेट सेरेमनी में शादी की। अब दोनों खुशी-खुशी अपनी जिंदगी बिता रहे हैं।




## सैफ अली खान




सैफ अली खान ने साल 1991 में अमृता सिंह से शादी की थी। उनके दो बच्चे हैं, जिनके नाम इब्राहिम अली खान और सारा अली खान है। सैफ और अमृता 2004 में अलग हो गए। सैफ को दोबारा प्यार मिला। उन्होंने 2012 में करीना कपूर के साथ शादी की। उनके दो बच्चे हैं, तैमूर और जेह। सैफ-करीना बॉलीवुड के पावर कपल कहलाते हैं।

## फरहान अख्तर



फरहान अख्तर ने साल 2000 में पहले हेयर स्टाइलिस्ट अधुना भबानी से शादी की थी। दोनों के दो बच्चे हैं। शादी के कई वर्षों के बाद दोनों साल 2016 में एक दूसरे से अलग हो गए। फरहान को दोबारा अभिनेत्री शिबानी दांडेकर से प्यार हुआ। दोनों ने साल 2022 में शादी कर ली।

## अरबाज खान



शादी के 19 साल के बाद अरबाज खान 2017 में मलाइका अरोड़ा से अलग हो गए। दोनों का एक बेटा अरहान खान है। अरबाज खान ने साल 2023 में मेकअप आर्टिस्ट शूरा खान के साथ शादी की। वहीं मलाइका अरोड़ा अब भी सिंगल हैं और अपने करियर पर फोकस कर रही हैं।

# ममूटी ने किया अपने नए प्रोजेक्ट का ऐलान

मलयालम के सुपरस्टार ममूटी ने एलान किया है कि वह फिल्ममेकर खालिद रहमान के साथ एक नई फिल्म में एक साथ काम करेंगे। हाल ही में ममूटी ने फेसबुक पर इस बात की जानकारी दी है। अपकमिंग फिल्म क्यूब्स एंटरटेनमेंट्स बैनर के तहत प्रोड्यूस की जाएगी।


### ममूटी ने फेसबुक पर दी जानकारी

ममूटी ने फेसबुक पर एक पोस्ट साझा की। इसके साथ एक पोस्टर था। इस पर लिखा था ममूटी, खालिद रहमान, शरीफ मुहम्मद। इसके कैप्शन में लिखा है क्यूब्स एंटरटेनमेंट साथ अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट का एलान करते हुए खुशी महसूस कर रहा हूं। इसका निर्देशन खालिद रहमान कर रहे हैं।

### उंडा में साथ में किया काम

यह फिल्म एक्टर और फिल्ममेकर के बीच 2019 की फिल्म उंडा के बाद दूसरा कोलैबोरेशन भी होगा। इसमें ममूटी ने एक पुलिस की भूमिका निभाई थी। इसमें ईश्वरी राव, रंजीत, शाइन टॉम चाको, अर्जुन अशोकन और जैकब ग्रेगरी भी अहम भूमिकाओं में थे। ममूटी को आखिरी बार फिल्म कलमकवल में देखा गया था।

ममूटी अभिनेता होने के साथ फिल्म निर्माता भी हैं। उन्होंने मलयालम सिनेमा के अलावा तमिल, तेलुगु,



हिंदी और कन्नड़ सहित अन्य भाषाओं की फिल्मों में भी काम किया है। 74 साल के अभिनेता ने 400 से ज्यादा फिल्मों में काम किया है। ममूटी ने अपने काम के लिए कई पुरस्कार जीते हैं। इनमें तीन नेशनल फिल्म अवॉर्ड और पद्म श्री शामिल हैं।




# कीर्ति सुरेश की रिवॉल्वर रीटा और राम पोथिनेनी की आंध्र किंग तालुका होगी ओटीटी पर रिलीज

सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद कुछ फिल्मों का बेसब्री से ओटीटी पर रिलीज होने का इंतजार किया जाता है। अगले हफ्ते क्रिसमस है और अगर आप इस क्रिसमस पर मजेदार और कॉमेडी से भरी कुछ फिल्में देखना चाहते हैं, तो हम साउथ की दो बेहतरीन फिल्मों के बारे में जानकारी लेकर आए हैं, जो सिनेमाघरों में पहले ही दर्शकों का दिल जीत चुकी हैं। हम बात कर रहे हैं रिवॉल्वर रीटा और आंध्र किंग तालुका फिल्म की। दोनों ही फिल्मों के दर्शकों से अच्छा रिस्पांस मिला है और अब ये दोनों ही फिल्में ओटीटी पर रिलीज होने वाली हैं। रिवॉल्वर रीटा नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली है। कीर्ति सुरेश स्टारर रिवॉल्वर रीटा कॉमेडी और क्राइम दोनों को पर्दे पर अच्छे से दिखाती है। फिल्म की कहानी गैंगवार और परिवार को गुंडों से बचाने की कशमकश से शुरू होती है। रीटा एक साधारण परिवार से आती हैं, लेकिन उनकी जिंदगी तब बिखर जाती है, जब एक गलतफहमी की वजह से उनका परिवार दो गैंग की हिंसा के बीच फंस जाता है। अब अपने परिवार को बचाने के लिए रीटा समझदारी और हिम्मत का इस्तेमाल करती हैं और गुंडों से अपने परिवार को बचाने की कोशिश करती हैं।

### रिवॉल्वर रीटा की ओटीटी रिलीज डेट

फिल्म बॉक्स ऑफिस पर औसत रही। फिल्म ने एक हफ्ते में तकरीबन 4 करोड़ का कलेक्शन किया है। फिल्म का बजट भी बहुत कम है। अगर आपने ये फिल्म नहीं देखी है तो ओटीटी पर 25 दिसंबर को देख सकते हैं। फिल्म तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम समेत कई भाषाओं में रिलीज होगी।

### आंध्र किंग तालुका ओटीटी पर कब आ रही है?



दूसरी एक्शन-कॉमेडी-ड्रामा फिल्म है आंध्र किंग तालुका, जो 27 नवंबर को सिनेमा सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और अब फिल्म को नेटफ्लिक्स पर 25 दिसंबर को रिलीज करने का फैसला लिया है। फिल्म में लीड रोल में राम पोथिनेनी, उपेंद्र और भाग्यश्री बोरसे हैं। फिल्म की कहानी और निर्देशन महेश बाबू पचिगोल्ला ने किया है। फिल्म की कहानी की बात करें तो इसकी कहानी सागर नाम के एक नौजवान युवक के इर्द-गिर्द घूमती है, जो सुपरस्टार आंध्र किंग सूर्या कुमार का बहुत बड़ा फैन है। अपने आइडल के प्रति दीवानगी के कारण, उसकी पूरी जिंदगी उस सुपरस्टार के इर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म को नेटफ्लिक्स पर तेलुगु, हिंदी, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज किया जाएगा।



# अनुभव सिन्हा की दर्शकों को दो टूक नसीहत

**बॉलीवुड को तुम बिन, रा.वन, मुल्क और थप्पड़ जैसी बेहतरीन फिल्में देने वाले अनुभव सिन्हा अपनी सुपरहिट वेब सीरीज आईसी 814 के लिए भी जाने जाते हैं। वह इन दिनों अपने चल पिक्चर चलें टूर के तहत देश के अलग-अलग शहरों में जाकर वहां के सिनेमा, खानपान और संस्कृति को समझ रहे हैं। इस यात्रा के बीच वह दिल्ली पहुंचे, जहां अनुभव सिन्हा ने अपनी इस यात्रा, सिनेमा बिजनेस और दिल्ली के छोले भटूरों के बारे में खुलकर बातचीत की। इस दौरान उन्होंने गाहे-बगाहे दर्शकों को यह दो टूक नसीहत भी दे दी कि वह किसी फिल्म को सिर्फ इसलिए ना देखें कि वह बंपर कमाई कर रही है।**

**आजकल फिल्मों से ज्यादा उनकी कमाई की चर्चा होती है। इस बारे में क्या कहेंगे आप?**

इसकी शुरुआत भी हमने यानी बॉलीवुड ने ही की है। हम खुद बताते हैं कि किस फिल्म ने कितना कलेक्शन किया है। अरे दर्शकों को उससे क्या मतलब है। उसे बस यह देखना है कि आपने अच्छी फिल्म बनाई है या नहीं। लेकिन हमने उसको बताना शुरू किया कि फलाना फिल्म का ओवरसीज का कलेक्शन इतना हो गया, ग्रॉस कमाई इतनी हो गई, नेट कलेक्शन इतना हो गया या इतना हो गया। उस बेचारे की जिंदगी में पहले ही बहुत परेशानियां हैं। घर से काम पर जाना होता है, परिवार चलाना होता है, समोसे महंगे हो गए हैं और वो बेचारा उस सब को लेकर परेशान है। आप उसे और परेशान कर रहे हो। लेकिन अब यह सिस्टम ही ऐसा हो गया है कि मैं भी चाहूं, तो इसे नहीं रोक सकता हूं। आजकल बहुत अच्छा हो गया है कि साउथ की फिल्में हिंदी में चल रही हैं, हिंदी की फिल्में साउथ में चल रही हैं। आखिर यह एक देश ही तो है ना भाई। सिनेमा के बिजनेस में लोगों को इतना दिमाग नहीं लगाना चाहिए। आप बस पिक्चर देखिए, अच्छी लगी या नहीं लगी, बात खत्म। उसकी कमाई की चिंता आप मत करो। हर आदमी पिक्चर को, इंडस्ट्री को और उसके बिजनेस को समझने की कोशिश कर रहा है, जो कि सम्भव नहीं है। फिल्म का बिजनेस बाकी बिजनेस से बहुत अलग है, उसके लॉजिक बहुत अलग हैं।

**आजकल आप नए-नए शहरों में जा रहे हैं। इससे पहले ऐसा नहीं देखा गया कि एक फिल्म डायरेक्टर देश के छोटे-बड़े शहर घूम रहा है। कोई खास वजह?**

वो मेरी अपनी जरूरत है। मैं चाहता हूं कि मैं जानूं तो सही अपने समाज को जिसके लिए हम फिल्में बनाते हैं, जिसकी हम कहानियां कहते हैं। मैं कब से उन शहरों में गया ही नहीं था। यह ऐसा हो गया था जैसे एक पुराना दोस्त है, जिसको मैं 30 साल से मिला ही नहीं। बस जानते हैं, लेकिन बहुत समय से मिले नहीं।

**फिल्म इंडस्ट्री वालों पर आरोप लगते हैं कि उनका बॉलीवुड बस बांद्रा तक सीमित है। क्या आप उससे बाहर निकलने के लिए शहर-शहर घूम रहे हैं?**

हमेशा से दर्शक उसी बांद्रा की फिल्में ही तो पसंद कर रहे थे। वे उन्हें ही देखते थे और वे ही हिट होती थीं। ये सब बेकार की बाते हैं। क्या है ना आजकल बॉलीवुड को गाली देना बड़ा मजे का काम हो गया है। आपको देने में भी मजा आता है, पढ़ने और सुनने वाले को भी मजा आता है। हकीकत में फिल्म बनाना कोई आसान काम नहीं है। एक टापू से पूरे देश की जनता को समझना, जो इतनी विविध है। फिर उन सब के पसंद की फिल्म बनाना भी आसान काम नहीं है। हालांकि मैं यह नहीं कह रहा की हमारी तरफ से कोई खामी नहीं है, हमारी तरफ से भी कुछ कमियां तो हुई हैं। यहां सभी लोग चाहे प्रोडक्शन हाउस हों, डायरेक्टर, राइटर और प्रोड्यूसर फिलहाल सब फायर फाइटिंग मोड में यही समझने की कोशिश कर रहे हैं कि कैसे दर्शक और फिल्मों के बीच गैप कम हो। बॉलीवुड पर ही पूरी तरह से आरोप लगाना भी ठीक नहीं है। आजकल समाज बहुत तेजी से चेंज हो रहा है। फिल्म इंडस्ट्री में डायरेक्टर अगर कुछ चीजें चेंज करता है, तो उसका असर दिखने में साल-डेढ़ साल लगता है। पूरा बॉलीवुड समझ रहा है और उस गैप को कम करने की कोशिश भी हो रही है।

**आपकी फिल्म तुम बिन आज भी याद की जाती है। ऐसी फिल्में कैसे बनती थीं, इसका कोई फॉर्मूला आपके पास है?**

नहीं, ऐसा कोई फॉर्मूला नहीं है। थोड़ा आप इसको इस नजरिए में भी देखिए कि कुछ समय जो फिल्में आती थी न, तो सिर्फ फिल्में आती थी। अब इतना कुछ है। मल्टीप्लेक्स आ गए। फिल्मों का बनना बढ़ गया, हृअञ्ज भी आ गया। तो किसी भी फिल्म का अकेले खड़े रहना रह पाना मुश्किल हो गया है। दूसरा समय बदला है और दर्शक भी बदला है। फिल्म में आपके पास पहुंचने का तरीका बदल गया है। अब सिनेमा हॉल ही इकलौता माध्यम नहीं रह गया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादक: जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in